


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 247 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 07 जून 2024 डाक 08 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
भुवनेश्वर में वट सावित्री पूजा के अवसर पर ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग प्रार्थना करते हुए



**देश-विदेश**
शपथ ग्रहण समारोह में दिखेगी नेबरहुड फर्स्ट की झलक, शेख हसीना से लेकर प्रचंड तक



**फीचर पेज**
अपनी सुविधा के लिए प्राकृतिक संसाधनों का ज्यादा दोहन करने से समस्याएं



## पीएम के लिए नरेंद्र मोदी के नाम पर एनडीए में लगी मुहर, चुने गए संसदीय दल के नेता



**नईदिल्ली, 07 जून [एजेंसी]।**

नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया है। आज पुराने संसद भवन में एनडी संसदीय दल की बैठक में राजनाथ सिंह ने यह प्रस्ताव रखा। इस दौरान सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव के दौरान टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मंच पर मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा सांसद राजनाथ सिंह ने कहा,मैं सभी नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई देना चाहता हूं। आज हम एनडीए का नेता चुनने के लिए यहां आए हैं। मेरा मानना है कि इन सभी पदों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम सबसे उपयुक्त है। अमित शाह ने कहा,यह प्रस्ताव केवल यहां बैठे लोगों की इच्छा नहीं है। यह देश के 140 करोड़ लोगों का प्रस्ताव है।

यह देश की आवाज है कि पीएम मोदी अगले 5 साल तक देश का नेतृत्व करें। वहीं, एनडीए संसदीय दल की बैठक में भाजपा सांसद नितिन गडकरी ने नरेन्द्र मोदी को लोकसभा का नेता, भाजपा और एनडीए संसदीय दल का नेता नामित करने के प्रस्ताव का समर्थन किया। एनडीए संसदीय बैठक के लिए संसद पहुंचने पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह खुशी की बात है कि पीएम मोदी लगातार तीसरी बार पीएम बनेंगे। यह शिवसेना के लिए खुशी की बात है, क्योंकि शिवसेना और बीजेपी की विचारधारा एक जैसी है। एनडीए के सभी गठबंधन दलों ने उन्हें अपना नेता चुना है और आज की बैठक उनके नेतृत्व में है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि सभी नवनिर्वाचित सांसदों, सीएम, डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्षों की बैठक है। हम सभी छत्तीसगढ़ से यहां (दिल्ली) पहुंचे हैं। हमारे दोनों डिप्टी सीएम और 10 नवनिर्वाचित सांसद बैठक में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे हैं।

### पीएम मोदी ने संविधान को माथे से लगाया



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने भारत के संविधान को अपने माथे से लगाया।*

### जब गले मिले कंगना रनौत और चिराग पासवन



**दिल्ली।** दिल्ली के सेंट्रल हॉल में आज एनडीए की एक बैठक बुलाई गई है। बैठक से पहले संसद के परिसर में एजेपी अध्यक्ष चिराग पासवान और भाजपा की नवनिर्वाचित सासंद कंगना रनौत की मुलाकात हुई। दोनों नेता एक-दूसरे से गले मिले और दोनों के बीच थोड़ी देर बातचीत हुई। राजनीति में आने से पहले चिराग पासवान एक एक्टर थे। उन्होंने कंगना रनौत के साथ फिल्म मिले ना मिले हम में काम किया है और दोनों की केमिस्ट्री काफी अच्छी है। कंगना ने हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट से चुनाव जीता है।

### दिल्ली में जल संकटः आप ने हरियाणा पर लगाया साजिश करने का आरोप, आतिशी बोलीं- लगातार कम पानी छोड़ा जा रहा



**नईदिल्ली, 07 जून [एजेंसी]।**

दिल्ली को पानी देने के मामले में दिल्ली सरकार ने हरियाणा पर साजिश करने का आरोप लगाया है। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि हरियाणा दिल्ली के खिलाफ साजिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के बावजूद दिल्ली की पानी सप्लाई कम की जा रही है। बीते तीन दिनों से हरियाणा दिल्ली के लिए लगातार कम पानी छोड़ रहा है। आज सुबह 11 बजे मैं वजीराबाद बैराज का दौरा करूंगी और हरियाणा की साजिश को बेनकाब करूंगी। राजधानी के अनेक इलाकों में गत दिनों की तरह गुरुवार को भी लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। खासकर नई दिल्ली इलाके में स्लम बस्तियों और पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में लोग पानी के लिए भटकते रहे। इन इलाकों में पानी के टैंकर पहुंचते ही लोग पानी भरने के लिए उन पर टूट पड़े। इस कारण टैंकर कुछ ही पल में खाली हो गए। टैंकरों से पानी भरने के दौरान लोगों में बहस भी हुई।

## तेज आंधी से पड़ोस के घर में जा गिरी निर्माणाधीन दीवार, दो लोग दबे, एक ने तोड़ा दम



**नोएडा, 07 जून [एजेंसी]।**

कोतवाली सेक्टर-63 क्षेत्र की चोटपुर कॉलोनी में बृहस्पतिवार देर रात आई आंधी में निर्माणाधीन घर की दीवार गिर गई। इस हादसे में दो लोग दब गए। जिनमें से एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे व्यक्ति का उपचार चल रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि चोटपुर कॉलोनी में यादराम मार्केट के पास चोटपुर कॉलोनी में यादराम मार्केट के पास पांच मंजिला घर का निर्माण कराया जा रहा है।

आई आंधी में उस घर की निर्माणाधीन दीवार पड़ोस के घर में गिर गई। दीवार गिरने से दो व्यक्ति दबकर घायल हो गए। घायल हुए जिला बरेली के गांव बरखन के हरिओम और जिला बरेली के गांव फतेहगंज के संतोष को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान हरिओम ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक अभी तक मृतक के स्वजन की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है।

### आज दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर ट्रेन रद्द

*रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में रेलवे के अधिकारी कभी गर्डर लॉन्चिंग तो कभी कुछ और बात कह कर लगातार यात्री ट्रेनों को रद्द कर रहे हैं। यही कारण है कि उन मुसाफिरों को ट्रेनों में समस्या हो रही है, जिन्हें समय पर मंजिल तक पहुंचना है, लेकिन इन कारण के चलते वे मंजिल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। रेल अधिकारी लगातार कभी नागपुर तो कभी अनूपपुर तो कभी झारसुगुड़ा में काम की बात कह कर मुसाफिर ट्रेनों को निरस्त कर रहे हैं या फिर लेट कर रहे हैं जिसके कारण यात्रियों को दिक्कत हो रही है।*

## महाराष्ट्र में आ गया मानसून, दिल्ली- मुंबई में कब तक होगी एंट्री, आईएमडी ने दी ताजा जानकारी

**मुंबई, 07 जून [एजेंसी]।**

देश के कई हिस्सों में गर्मी और लू से लोग परेशान हैं। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से दिल्ली-एनसीआर के लोगों को प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। इसी बीच भारतीय मौसम विभाग ने जानकारी दी कि महाराष्ट्र में मानसून का आगमन हो चुका है। 6 जून को मानसून महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। वहीं, मासून रत्नागिरी और सोलापुर की ओर बढ़ रहा है। मुंबई में 9-10 जून के आसपास मानसून आने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अधिकारी



ने जानकारी दी कि अगले कुछ दिनों में मानसून पूरे भारत में आगे बढ़ेगा, लेकिन अगले सप्ताह से कमजोर पड़ सकता है। अधिकारी ने आगे बताया कि पश्चिमी तट को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में कम बारिश होगी।

वहीं, जून के अंत तक मासून के दिल्ली पहुंचने का अनुमान है। पिछले साल 25 जून को दिल्ली में मानसून ने दस्तक दी थी। हिमाचल प्रदेश में मानसून 20 जून को आने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, एक सप्ताह के दौरान कोई विशेष बदलाव नहीं है और दो दिनों के दौरान जो वर्षा हुई है उसमें कमी आएगी। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, आज पूर्वी और पश्चिमी यूपी, पूर्वी मध्य प्रदेश और झारखंड में हीटवेव चलेगी। यहां तापमान 40 डिग्री से अधिक रहने की संभावना है।

## अंतरिक्ष में पहुंच खुशी से झूमीं सुनीता विलियम्स साथियों को गले लगाया, परिवार से कही यह बात



**वॉशिंगटन, 07 जून [एजेंसी]।**

भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर सुरक्षित अंतरिक्ष पहुंच गए। इस दौरान विलियम्स खुशी से झूमती दिखीं। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के रास्ते में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने उड़ान क्षमता (मैनुअल पायलटिंग) का परीक्षण भी किया। दोनों ने अंतरिक्ष यान के सदस्यों के तौर पर अपने हाथों में इसका नियंत्रण लेकर इतिहास रच दिया। ऐसा करने वाली सुनीता पहली महिला बन गई हैं। अंतरिक्ष यान आमतौर पर ऑटो होता है, लेकिन चालक दल ने करीब दो घंटे की ऑटो उड़ान के दौरान यान को खुद से नियंत्रण में लिया। उन्होंने स्टारलाइनर को पृथ्वी की ओर किया ताकि सेवा मॉड्यूल के पीछे इसका संचार एंटीना ट्रैकिंग और डाटा रिले उपग्रहों की ओर हो सके। इसके बाद उन्होंने यान को इस तरह से घुमाया कि उसका सूर्य की ओर घुमाव हो ताकि जरूरत पड़ने पर वे आंतरिक बैटरी को चार्ज कर सकें। इस पूरी कवायद का उद्देश्य यह दिखाना था कि यदि तीनों उड़ान कंप्यूटर एक ही समय में बंद हो जाएं तो वे अंतरिक्ष में काम कर सकते हैं। उन्होंने मैन्युअली यान की गति बढ़ाई और फिर इसे धीमा किया, ताकि जरूरी हो तो क्रु दल खुद ही अंतरिक्ष स्टेशन की कक्षा से अलग हो सके। विलियम्स पहले भगवान गणेश की मूर्ति और भगवद गीता को अंतरिक्ष में ले जा चुकी हैं। अब यह उनकी तीसरी अंतरिक्ष यात्रा है। जब वह अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंची तो कुछ खास अंदाज में नजर आईं। वह अंतरिक्ष पहुंचते ही खुशी से झूमती दिखीं। उन्होंने इस दौरान नृत्य भी किया और आईएसएस पर सवार सात अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को गले लगाया। विलियम्स और विल्मोर का स्वागत घंटी बजाकर किया गया, जो एक पुरानी आईएसएस परंपरा है। वहीं, अपने नृत्य पर सुनीता ने कहा कि चीजों को आगे बढ़ाने का यही तरीका है।

## चलती ट्रेन के कोच में आग लगने से मचा हड़कंप, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान



**जयपुर, 07 जून [एजेंसी]।**

राजधानी जयपुर में चलती ट्रेन के कोच में आग लगने से हड़कंप मच गया। शुक्रवार अल सुबह जयपुर के खातीपुरा और जगतपुरा के बीच सीबीआई फाटक के पास ट्रेन के कोच में धुआं निकलता देख कर यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

साबरमती-दौलतपुर चौक ट्रेन के एसी कोच में आग लगी थी। यात्रियों ने तुरंत ट्रेन रुकवाकर अपनी जान बचाई। जानकारी मिलते ही तुरंत ही रेलवे के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। रेलवे कर्मचारियों ने कोच को ट्रेन से अलग किया। इस दौरान यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब 1 घंटे के बाद कोच बदलकर ट्रेन को वापस रवाना किया गया।

## यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमान देगा फ्रांस मैंक्रों ने पायलटों की ट्रेनिंग पर भी कही बड़ी बात

**पेरिस, 07 जून [एजेंसी]।**



फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उनका देश यूक्रेन को मिराज 2000-5 लड़ाकू विमानों को मुहैया कराएगा। उन्होंने यह भी कहा कि फ्रांस में यूक्रेनी पायलटों को प्रशिक्षित किया जाएगा। ताकि वे रूस के आक्रमण से अपने देश की रक्षा कर सके। इन मिराज विमानों का निर्माता दसॉल्ट है। यूक्रेन के राष्ट्रपति इन दिनों फ्रांस में हैं। मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन ने अपने पश्चिमी सहयोगियों से अपनी धरती पर सेना को प्रशिक्षित करने के लिए सैन्य प्रशिक्षक भेजने को कहा है, ताकि सैनिकों की संख्या को बढ़ाने की चुनौती का सामना किया जा सके।

यही वजह है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति और उनके रक्षा मंत्री ने सभी सहयोगियों से 48 घंटे पहले एक आधिकारिक पत्र में कहा कि उन्हें उनकी धरती पर जल्द प्रशिक्षित करने की जरूरत है। मैक्रों ने जोर देकर कहा कि फ्रांस युद्ध को बढ़ाना नहीं चाहता। लेकिन शांति केवल तभी तक हासिल हो सकती है जब तक यूक्रेन जवाब दे सकता है। शांति का मतलब यूक्रेन का आत्मसमर्पण नहीं हो सकता। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि शांति बातचीत के जरिए ही आएगी।

## एमपीसी ने लगातार आठवीं बार रेपो रेट में नहीं किया कोई बदलाव, आरबीआई गवर्नर का ऐलान

**नईदिल्ली, 07 जून [एजेंसी]।**



भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने तीन दिनों तक चली बैठक के बाद रेपो रेट को वर्तमान दर पर बरकरार रखने का फैसला किया है। दर निर्धारण समिति ने लगातार आठवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। इससे पहले केंद्रीय बैंक ने पिछली बार फरवरी 2023 में रेपो दर बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत की थी। रेपो रेट से बैंकों की ईएमआई जुड़ी होती है। ऐसे में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं होने से यह तय हो गया है कि आपके बैंक लोन की ईएमआई में फिलहाल कोई बदलाव नहीं होने वाला है। इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ब्याज दर निर्धारण समिति ने अगली मौद्रिक नीति तय करने के लिए तीन दिवसीय बैठक शुरू की। यह बैठक 5 जून से शुरू होकर 7 जून 2024 यानी आज तक चली। एमपीसी की बैठक में छह सदस्यों में से चार ब्याज दरों को स्थिर रखने के पक्ष में रहे।आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी के फैसले का ऐलान करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 25 में रियल जीडीपी ग्रोथ 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जो पिछले अनुमान 7त्न से अधिक है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्थिर खर्च के साथ निजी खपत में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि निवेश गतिविधियों में तेजी जारी है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि महंगाई में कमी लाने में एमपीसी की भूमिका अहम है। दास ने कहा कि वर्तमान में गर्मी के कारण सब्जियों की कीमतें बढ़ रही हैं। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को स्थायी आधार पर 4त्न के लक्ष्य पर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ईंधन की कीमतों में गिरावट के रुख के लिए एलपीजी कीमतों में कटौती को जिम्मेदार ठहराया। इसके अलावा, उन्होंने खाद्य कीमतों में वृद्धि की वैश्विक प्रवृत्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे व्यापक बाजार में बदलाव दिख सकता है। उन्होंने कहा कि खाद्य कीमतों में अनिश्चितता पर नजर बनाए रखने की जरूरत है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि जरूरत के मुताबिक लिक्विडिटी पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोर महंगाई दर पर निगरानी रखने की जरूरत है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में रुपये में कम उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। एफवाई25 की दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2प्रतिशत कर दिया गया है।

### रॉकेट लॉन्चर दागे नक्सलियों ने, सामने आया विडियो

*नारायणपुर। नारायणपुर में नक्सलियों ने फिर सुरक्षाबलों के इरकभट्टी कैंप पर नक्सलियों ने देशी बम दागे हैं। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने लगातार बीजीएल रॉकेट लांचर दागे हैं। हालांकि उनके इस हरकत से सुरक्षा बलों को किसी प्रकार की हताहत नहीं हुई है। सभी जवान सुरक्षित है। के अनुसार, घटना कोहकामेटा थाना इलाके का है। दरअसल, यहां जवानों ने कैंप लगाया था। इसी दौरान नक्सलियों ने उनके कैंप पर हमला किया है। जिसके बाद जवानों ने भी हौसला दिखाते हुए एक्सचेंज फायर किया। जवानों को भारी पड़ता देख माओवादी वहां से भाग निकले। जिसके बाद सभी थाना कैंपो को अलर्ट कर दिया गया। एसपी प्रभात कुमार ने की हमले की पुष्टि की है।*




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## फर्जी आधार कार्ड से संसद में एंट्री की कोशिश सुरक्षा में सेंध लगाने वाले तीन शख्स गिरफ्तार

**नईदिल्ली, 07 जून [एजेंसी]।**



राजधानी दिल्ली के पार्लियामेंट थाना पुलिस ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगा रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी इस हरकत की खबर सामने आते ही संसद की सुरक्षा में लगीं सभी सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। बाद में सामने आया कि यह तीन लोग वहीं काम करने वाले मजदूर हैं। आरोपियों की पहचान हापुड़ निवासी कासिम, सोएब और अमरोहा निवासी मोनिस के तौर पर की है। तीनों की उम्र करीब 18 साल है और वह संसद भवन में एक कॉन्ट्रैक्टर शाहनवाज आलम के अधीन काम कर रहे थे।

पुलिस के मुताबिक तीनों के पास कैजुअल एंट्री पास थे। गेट संख्या तीन पर संसद की सुरक्षा में तैनात एएसआई अनिल कुमार ने तीनों को जांच के लिए रोका और उनसे कैजुअल पास के अलावा उनका आई कार्ड मांगा। जब कासिम और मोनिस ने एक ही आधार दिखाया तो तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया।

# कोल ब्लाक के प्रस्ताव पर सवाल उठाकर अनुमति निरस्त करने के लिए दबाव

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

कोरबा । छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य के जंगलों को कोयला खदान विस्तार व परसा ईस्ट केते बासन और परसा कोल ब्लाक के लिए काटने की अनुमति प्रदान की गई है। चुनाव खत्म होते ही अब हजारों की संख्या में पेड़ों की कटाई होगी जिसे रोकने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। साथ ही कहा है कि कोल ब्लाक में खनन की वन संबंधी अनुमति फर्जी प्रस्ताव पर प्राप्त की गई है और ऐसी परिस्थिति में परसा कोल ब्लाक संबंधित सभी कार्यवाहियां स्थगित होनी चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि 26 जुलाई को छत्तीसगढ़ विधानसभा ने हसदेव क्षेत्र की जलग्रहण क्षमता, बायोडायवर्सिटी और मानव-हाथी द्वंद के कारण क्षेत्र के सभी कोल ब्लाक आबंटन और खनन अनुमति रद्द करने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया था जिसे भाजपा ने भी पूर्ण समर्थन दिया। इसके बाद दिसंबर में भाजपा सरकार ने अपने शपथ ग्रहण से पहले ही राजस्थान-अडाणी की कोयला खदान के विस्तार और पेड़ कटाई की अनुमति दे दी।

डॉ. महंत ने आरोप लगाते हुए कहा कि परसा कोल ब्लाक में वन अनुमति हासिल करने फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव का उपयोग किया गया, जिसकी जांच उपरांत ब्लाक में खनन हेतु जारी सभी अनुमतियों पर रोक लगाने का आदेश छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा सरगुजा कलेक्टर को दिया गया है।

डॉ. महंत ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग छग शासन के सचिव द्वारा सरगुजा संभाग के आयुक्त को परसा कोल ब्लाक का विरोध के संबंध में जारी आदेश से अवगत कराते हुए कहा है कि कोल ब्लाक से संबंधित सभी अनुमतियों को रद्द किया जाए। परसा ईस्ट केते बसन कोल माइन के और विस्तार की अनुमति ना दी जाए और यदि कोई पेड़ कटाई अनुमति जारी की गई है उसे रद्द किया जाए। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को अन्यत्र कोल ब्लाक लेने और कोल इंडिया के विस्तार परियोजनाओं से कोयला लेने की सलाह दी जाए।

### कोल इंडिया से सप्लाई हो सकती हैं सुनिश्चित

डॉ. महंत ने अवगत कराया कि राजस्थान की कंपनी को कोल इंडिया से वैकल्पिक कोल सप्लाई सुनिश्चित की जा सकती है और वैकल्पिक कोल ब्लाक आबंटित हो सकता है। पूरे देश में 3.60 लाख मिलियन टन कोयला डिपाजिट है और उसमें से मात्र 5500 मिलियन टन हसदेव क्षेत्र में है। ऐसे में राजस्थान को मध्यप्रदेश राज्य से कम परिवहन लागत और कम समय में कोयला ब्लाक आबंटित किया जा सकता है।

# एसईसीएल गेवरा से जोहन कुंभकार हुए सेवानिवृत्त डोजर सेक्शन के कर्मचारियों ने दी विदाई



कोरबा। एसईसीएल गेवरा में डोजर सेक्शन बेस्ट में वेल्डर के रूप में कार्यरत जोहन लाल कुंभकार 60 वर्ष पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुए। डोजर सेक्शन बेस्ट के कर्मचारियों ने वर्कर्स क्लब गेवरा में विदाई समारोह का आयोजन कर जोहन लाल को श्रीफल, फूलमाला व मिठाई खिलाकर विदाई दी। साथ ही उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की।

जोहन लाल ने एसईसीएल गेवरा में लगातार अपनी सेवा दी। सभी कर्मचारी साथियों के साथ मिलजुलकर 60 वर्ष की उम्र तक वेल्डर के पद पर काम किया। विदाई समारोह में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व उनकी धर्मपत्नी उतरा कुंभकार, कर्मचारियों में महेंदर कंवर, राजेंद्र नंन, ए चिन्ना, शिव लारिया, प्रमोद राठौर, लवकुश सिंह, दर्शन सिंह, कुमार चंद्रा, जगत राम, संतोष राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे

## स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा। छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग द्वारा संचालित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन रायपुर मे होटल मैनेजमेंट मे डिप्लोमा कोर्स डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एण्ड बेवरेजेस सर्विसेस तथा डिप्लोमा इन हाउस किपिंग ऑपरेशन्स तथा डिग्री कोर्स बीएससी हॉस्पिटैलिटी एण्ड होटल एडमिनिस्ट्रेशन हेतु कोरबा जिले के 15 मेधावी छात्रों का चयन किया जाना है।

सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश हेतु सीटों की संख्या सीमित है, इस हेतु अधिक छात्र होने पर मेरिट के अनुसार छात्रों का चयन किया जाएगा। कोर्स में शामिल होने हेतु इच्छुक आवेदक 24 जून 2024 तक लाईवलीहुड कॉलेज, आईटीआई रामपुर परिसर कोरबा में कार्यालयीन समय मे उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य श्री अरूणेन्द्र मिश्रा मोबाइल नंबर 9589583878 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जिले के तीन बिजली घरों पर प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाई 25 लाख पैनालटी

कोरबा। नियम का पालन करने के बजाय धज्जियां उड़ाने को लेकर कोरबा जिले में पर्यावरण संरक्षण मंडल सख्त हो गया है। बिजली घरों में कोयला का उपयोग करने के बाद निकलने वाली फ्लाई ऐश के सुरक्षित भंडारण से जुड़े मामले में उसके द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कोरबा जिले के तीन औद्योगिक उपक्रमों को उसने निशाने पर लिया है। इस तरह की कार्रवाई को आगे भी जारी रखने की बात कही गई है।

पर्यावरण संरक्षण करने का काम केवल नारे, पेंटिंग और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के सहारे नहीं हो सकता बल्कि सबसे जरूरी शर्त यही है कि इसके लिए प्रदूषण पर नियंत्रण किया जाए। यह प्रदूषण है वायु, ध्वनि और पानी से संबंधित। कोरबा जिले में यह तीनों ही प्रकार के प्रदूषण अलग-अलग क्षेत्र में देखने को मिल रहे हैं और इसके कारण जनता परेशान है। प्रदूषण को नियंत्रित करने से लेकर निगरानी किए जाने की जिम्मेदारी सरकार ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को दे रखी है। कोरबा स्थित क्षेत्रीय अधिकारी परमेंद्र पांडे ने बताया कि तमाम तरह की कोशिश के बावजूद कोरबा में वायु प्रदूषण की रफ्तार बेलगाम है। एनटीपीसी सीएसईबी आर बालको उद्योग में इस तरह की स्थिति सामने आई है। हमारे विभाग में गंभीर लापरवाही को पकड़ने के साथ इन तीनों उद्योगों के विरुद्ध 25 लख रुपए की पेनल्टी लगाई है ड्ड4ह्ल

कोरबा जिले में एनटीपीसी सीएसईबी और भारत अल्युमिनियम कंपनी के बिजली घर संचालित है यहां पर बिजली उत्पादन करने के लिए हर दिन डेढ़ लाख तन से भी ज्यादा कोयला की खपत होती है। बिजली निर्माण के पश्चात रख के रूप में कोयल की काफी मात्रा उत्सर्जित होती है जिसे सुरक्षित रूप से स्टोरेज करने की जिम्मेदारी संबंधित उद्योगों की है। फ्लाई ऐश के साथ प्रतिशत समाधान के लिए प्रशासन ने बिजली घरों के प्रबंधन को निर्देशित किया है। लेकिन देखने को मिल रहा है कि फ्लाई ऐश पॉन्ड्स के साथ-साथ ट्रांसपोर्टिंग की व्यवस्था में नियम को हाशिये पर किया जा रहा है और मनमाने तरीके से फ्लाई ऐश की डंपिंग की जा रही है। समय-समय पर इस प्रकार की शिकायतें सामने आती रही है और इसे लेकर लोग नाराजगी जताते रहे हैं। ऐसे प्रकरणों में पर्यावरण संरक्षण मंडल ने शक्ति दिखाने की कोशिश की है और कार्रवाई को आगे भी जारी रखने की घोषणा की है

## स्वार्थ के कारण जंगलो को नुकसान

कोरबा। वर्ष 2024 के मार्च और अप्रैल महीने में कोरबा वन मंडल के अंतर्गत बालको नगर और लेमरु वन परिक्षेत्र में 415 स्थान पर आगजनी की घटना हुई। वन विभाग ने फायर ब्लोअर और वन सुरक्षा समितियां के सहयोग से रोकथाम कर जंगलों को बचाया। वन विभाग के एसडीओ आशीष खैलवार ने बताया कि महुआ से जुड़े स्वार्थ के चक्कर में लोग जंगल में आग लगा देते हैं। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण जंगल में लगाई गई आज जल्द ही आसपास में फैल जाती है और इससे बड़े खतरे पैदा हो जाते हैं।

### आरबीसी 6-4 के तहत कुल 08 लाख रुपए की राशि हुई स्वीकृत

## प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले 02 मृतकों के परिजनों के लिए स्वीकृत की गई सहायता राशि

कोरबा । जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले 02 मृतकों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपए की क्षतिपूर्ति सहायता राशि स्वीकृत की है। संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के प्रतिवेदन पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतकों के परिजनों को क्षतिपूर्ति के रूप में 02 प्रकरणों में कुल 08 लाख रुपए की सहयोग राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त प्रकरणों में कटघोरा के स्याहीमुड़ी निवासी कोमल मझवार की आकाषीय बिजली (गाज) गिरने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक की पत्नी जानकी मझवार को 04 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार कोरबा के पाढ़ीमार, बालकोनगर निवासी षिवप्रसाद रोहिदास के तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। उक्त प्रकरण में मृतक की पत्नी सुख बाई को 04 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## व्यापमं द्वारा पीएटी एवं पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 09 जून को

कोरबा ।छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा पीएटी एवं पीव्हीपीटी प्रवेष परीक्षा 09 जून 2024 दिन रविवार को पूर्वान्ह 09 से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा हेतु 04 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसके अंतर्गत 1384 परीक्षार्थी शामिल होंगें। परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07759-221458 है।

परीक्षा केंद्र शासकीय ईवीपीजी कॉलेज रजगामार रोड कोरबा हेतु खाद्य अधिकारी श्री आशीष चतुर्वेदी, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएसईबी कोरबा (पूर्व) हेतु कार्यपालन अभियंता पीडब्ल्यूडी कोरबा श्री जी. आर. जांगड़े, शासकीय मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज घण्टाघर कोरबा हेतु सहायक अभियंता पीएमजीएसवाय श्री प्रदीप साहू तथा शासकीय गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल टीपी नगर साडा कोरबा हेतु सहायक अभियंता पीएमजीएसवाई श्री मदन लाल पुरे को ऑब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया है।

# छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की 100 सदस्यों ने ली सदस्यता

कोरबा । भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ कोरबा वृत्त के सचिव एवं प्रदेश मंत्री यशवंत राठौर के नेतृत्व में प्रतिनिधियों द्वारा जिले के सभी संभाग, उपसंभाग और वितरण केंद्रों में प्रवास कर सघन सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम बरपाली, सोहागपुर, रामपुर, करतला, भैसमा, कोरबा उपसंभाग, रजगामार, बालको, दर्री ग्रामीण एवं जोन, पाली, चैतमा, बांगो, तुलसी नगर, पाड़ीमार तथा उपसंभाग एवं संभागीय कार्यालय कटघोरा में दौरा कर सभी नियमित एवं अनियमित रूप से कार्य करने वाले बिजली कर्मियों को महासंघ के संगठनात्मक स्वरूप से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में जुडने़ हेतु जागरूक किया जा रहा है। इससे प्रभावित होकर अब तक लगभग 100 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की है। कोरबा वृत्त से प्रतिनिधियों में सत्यप्रकाश गांधी गुप्ता, भुवनेश्वर साहू, अजय मिश्रा, सुनीता जायसवाल, गजेन्द्र कौशिक, सतीश साहू, देवानंद बढ़ई, छत्रपाल सिंह, मनीष सिंह, नरोत्तम धारी, संजय पटेल, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, राघवेन्द्र साहू, शरद पटेल एवं संतोष साहू के द्वारा सदस्यता अभियान लगातार चलाया जा रहा हैं।

## दुकालू राम का पशु व्यापारी पंजीयन प्रमाण पत्र किया गया निलंबित

कोरबा । छुरीकला विकासखंड कटघोरा में विगत 23 अप्रैल को गौ सेवा संगठनों द्वारा 105 पशुओं को नगर पंचायत छुरी के ग्राम विन्झपुर अहिरन नदी के किनारे से ले जाते हुए पकड़ा गया था जिस पर कटघोरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। साथ ही कलेक्टर के समक्ष भी प्रकरण पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी।कलेक्टर के निर्देश पर उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ द्वारा इस संबंध में श्री दुकालू राम केवंट से 03 बिन्दुओ में जवाब माँगा गया था।

# कटघोरा क्षेत्र में कन्या महविद्यालय खोलने को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

कोरबा ।कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र में कन्या महविद्यालय खोलने व क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यक्रम योजना प्रभारी राजेश यादव मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा।उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती के कारण गर्मी में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में लगाई गई बिजली सामग्री गुणवत्ताहीन होने के कारण बार-बार टूटने सहित अन्य खराबी आती रहती है जिसके कारण बिजली व्यवस्था बाधित होती है। बिजली व्यवस्था बाधित होने से जलापूर्ति भी बंद हो जाती है इससे लोगों को पेयजल के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है। साथ ही श्री यादव ने कटघोरा में कन्या महाविद्यालय खोलने की मांग मुख्यमंत्री से की। उन्होंने कहा कि कटघोरा क्षेत्र के आसपास कई शासकीय-अशासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं। कटघोरा में कन्या महाविद्यालय खुलने से पाली ब्लाक, पसान, जटगा, चोटिया के वनांचल क्षेत्र की ग्रामीण छात्राओं को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, पूर्व प्रदेश महामंत्री रामप्रताप, संजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# एनटीपीसी की साहित्यकार आशा देशमुख की रचनाएं स्नातक पाठ्यक्रम में शामिल



कोरबा। एनटीपीसी की कवियत्री छंदकार आशा देशमुख की रचनाएं कर्नाटक राज्य के अक्कमहादेवी विश्वविद्यालय विजयपुरा के स्नातक कोर्स बीएससी, बीएचएससी, बीएफटी, बीसीए पाठ्यपुस्तक में अनिवार्य विषय में सम्मिलित किया गया है। कर्नाटक राज्य अक्कमहादेवी महिला विश्वविद्यालय से 100 से भी अधिक महाविद्यालय संबद्ध है, जहां हिंदी को अनिवार्य विषय में शामिल किया गया है। शिक्षा विभाग कर्नाटक शासन व विश्वविद्यालय की सहमति के उपरांत आशा देशमुख की तीन कृतियां प्रकृति का उपहार, स्वस्थ तन स्वस्थ भोजन तथा एक आव्हान व कर्म देश के प्रति को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।उल्लेखनीय है आशा देशमुख ने छंदबद्ध पुस्तक छंद चंदैनी व रावण रचित शिव तांडव स्रोत का छत्तीसगढ़ी में भावानुवाद कर साहित्य जगत में काफी प्रसिद्धि हासिल की थी। हिंदी व छत्तीसगढ़ी में सतत् साहित्य साधना करने वाली आशा देशमुख समय-समय पर आकाशवाणी व दूरदर्शन में प्रकृति व सामाजिक विषयों पर अपनी कविताओं के माध्यम से प्रस्तुति देती रहती हैं। इसके साथ साथ छत्तीसगढ़ के 9 साहित्यकारों की रचनाएं भी इन पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है जिनमें से अधिकांश अरुणकुमार निगम द्वारा संचालित आनलाइन गुरुकुल के साधक गण हैं। अरुण कुमार निगम सहित चोवाराम वर्मा, सूर्यकांत गुप्ता, दिलीप कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार वर्मा, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर की रचनाओं को स्थान मिला है। सरला शर्मा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध साहित्यकार जिनकी लेखनी में साक्षात मां वाणी विराजमान रहती हैं, उनकी रचनाएं भी इस पाठ्यपुस्तक में गरिमा प्रदान कर रही है।

## श्रमवीर स्टेडियम में कॉलोनी के निर्माण पर आपत्ति

गेवरा-दीपका। दीपका के श्रमवीर स्टेडियम में नई आवासीय कॉलोनी के निर्माण पर आपत्ति के बाद श्रमिक संघों की बुलाई बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई और एरिया जेसीसी मेंबरों व दीपका एरिया प्रबंधन के बीच गतिरोध समाप्त नहीं हो पाया है। बिना किसी नतीजे के बैठक समाप्त हो गई।

श्रमवीर स्टेडियम दीपका में आवासीय कॉलोनी के निर्माण पर एरिया स्तर की पांच यूनियनों ने आपत्ति जताई है। प्रगति हाउस के बगल में खाली जमीन पर उक्त कॉलोनी का निर्माण कराने की मांग की है। श्रमवीर स्टेडियम का सामाजिक-धार्मिक आयोजनों में उपयोग करने की बात कहकर यूनियनों ने विरोध जताया है। बावजूद इसके आवासीय कॉलोनी के निर्माण की प्रक्रिया स्टेडियम की जमीन की नापजोख से प्रबंधन ने शुरू कर दी है। इन सबके बीच मंगलवार को पांच यूनियनों से जुड़े एरिया जेसीसी मेंबरों की दीपका एरिया दफ्तर के सभागार में चर्चा कर सहमति बनाने बैठक बुलाई। लगभग दो घंटे तक बैठक चली, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। आवासीय कॉलोनी का श्रमवीर स्टेडियम की बजाय दूसरी जगह निर्माण कराने की मांग को जेसीसी मेंबरों ने रखा है।एटक से दीपका एरिया जेसीसी मेंबर शिव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बैठक हुई है, लेकिन बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई है। चार दिन बाद अब अगली बैठक होगी। इस संबंध में एरिया जीएम अमित सक्सेना के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर कॉल रिसीव नहीं करने से उनका पक्ष नहीं मिल पाया।

# आभूषण कारोबारी से 45 हजार की ठगी करने के मामले में अपराध दर्ज

कोरबा। जिले के एक सराफा व्यापारी को विश्वास में लेकर उसके साथ छल करने के उद्देश्य से स्वयं अवैध लाभ अर्जित करने नकली सोना देकर 6,50,000 रुपये एवं 45,000 रूपये का सोने का जेवर ले गया है। ठगी में मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।बताया जा रहा हैं की प्रार्थी पी.पी. काम्पलेक्स मेन रोड, जमनीपाली में बाबा श्याम ज्वेलर्स के नाम से स्वर्ण ज्वेलर्स बनाने और विक्रय करने का काम करता है। नवंबर 2023 में पहली बार एक व्यक्ति उसके पास आया और छोटे कम कीमत के स्वर्ण आभूषण बनवाकर चला गया। उसके बाद लगातार दुकान में आता था और पुराने जेवर तुड़वाकर नये डिजाईन के ज्वेलर्स बनवाकर ले जाता था। उसके साथ एक महिला एवं दो लड़के भी आते थे जिसे वह अपनी बहू, पुत्र एवं भतीजा बताता था। इस प्रकार नियमित रूप से आने और बात करने में व्यवसायी को अपने विश्वास में ले लिया। आगे बताया की 05 जनवरी को वह व्यक्ति पुनः दुकान आया और 10-10 ग्राम के 15 पीस लाकेट कुल वजन 150.800 ग्राम को दिखाकर कहा कि, इस जेवर को तोड़कर नये जेवर गढ़वाना है। उक्त लाकेट को पहले भी ला चुका था जिसकी जांच पूर्व में की गई थी और उसे सही होना पाया था। उस वक्त उसने सोने को वापस ले लिया था कि 5 जनवरी को पुनः वही सोना देखकर जांच करता उससे पहले ही उसने बातों में उलझा दिया इसलिए जांच नहीं कर सका। उसके बाद व्यापारी ने 45,000 रूपये का एक जेवर और 6 लाख 50 हजार रूपये नगदी अपने मित्र से मांगकर दिया था। वह व्यक्ति रूपयो की जरूरत बता रहा था। इसके चार दिन बाद उक्त पुराने सोने को तोड़कर नया जेवर बनाने के उद्देश्य से कसौटी पर कसा तो उक्त जेवर सोने के नहीं थे तब छले जाने का अहसास हुआ। इसके पश्चात् उसको ढूंढने का प्रयास किया गया जो नहीं मिला। उसके दुकान में आने का सी.सी. टी.व्ही. फुटेज भी है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर उनके विरुध्द धारा 34, 420 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# बालको ने विश्व पर्यावरण दिवस पर लिया हरित भविष्य का संकल्प

बालकोनगर। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने छत्तीसगढ़ वन विभाग के सहयोग से बालको टाउनशिप में 200 से अधिक पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। कंपनी द्वारा सस्टेनेबिलिटी एवं पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। कंपनी ने वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की है जो हरित भविष्य को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। बालको के भूमि पुनरुद्धार में वृक्षारोपण की महत्वपूर्ण भूमिका के महत्वपूर्ण कदम की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड (सीईसीबी) के प्रतिनिधि विस्तारित वृक्षारोपण अभियान का हिस्सा बने। स्लोगन 'हमारी भूमि हमारा भविष्य, हम पुर्नोद्धार की पीढी है' पर चलाए गए अभियान से कर्मचारी और समुदाय को हरित भविष्य के लिए एकजुट किया गया।

युवा पीढ़ी को इस वैश्विक अभियान में शामिल करने के लिए कंपनी द्वारा सीड्स बॉल (खुद से) बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई जिसके बाद नंद घर में पौधारोपण किया गया। नंद घर आंगनवाड़ी केंद्र हैं जो समुदायिक विकास के लिए वेदांता लिमिटेड द्वारा संचालित की जाती हैं। कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को अधिक हरियाली वाले स्थानों के विकास के लिए वृक्षारोपण और बीजों के पुनः उपयोग के बारे में शिक्षित करना है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हम पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने और संरक्षित करने के लिए कटिबद्ध हैं। हम अपने प्रचालन में सस्टेनेबल प्रथाओं को अपनाकर 2050 तक नेट-ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के व्यावसायिक नवाचार को अपना रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस हमें अपने समुदाय के साथ जुड़ने, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और उसे बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ाने का अवसर देता है। विभिन्न पर्यावरण कार्यक्रमों के माध्यम से हमारा लक्ष्य सस्टेनेबल संस्कृति को बढ़ावा देना है जो हमारे प्रचालन के साथ-साथ समुदाय तक फैली हुई है। इस अभियान में हमने सभी हितधारकों को हरित भविष्य के लिए हमारे मिशन में शामिल किया है।कोरबा वन विभाग के उप वनमंडलाधिकारी आशीष खेलवार ने पर्यावरणीय प्रयासों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पौधारोपण एक सस्टेनेबल अभ्यास है जिसे हमें दैनिक कार्य संस्कृति में शामिल करना चाहिए। वन विभाग एवं विभिन्न संगठनों के एकजुट प्रयास, सस्टेनेबल भविष्य को प्राप्त करने और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। वित्त वर्ष 2025 में 1.5 लाख पेड़ लगाने के लक्ष्य के साथ बालको द्वारा सस्टेनेबल भविष्य की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयास तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनका समर्पित प्रयास वास्तव में सराहनीय है।



कंपनी ने अपने संयंत्र में पर्यावरण के अनुकूल प्रचालन करने और उसे बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उप-इकाइयों के अपने कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों को ग्रीन चैंपियन ऑफ द पुरस्कार से सम्मानित किया। सप्ताहिक कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति व्यक्तियों को प्रेरित करने के लिए प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। सस्टेनेबल प्रैक्टिस को बढ़ावा देने और पर्यावरण संबंधी समर्पित प्रयासों का जश्न मनाने लिए पुरस्कार समारोह के साथ हुआ। कंपनी समुदाय के साथ साझेदारी में कर्मचारियों, निवासियों और बच्चों को सस्टेनेबल जीवन के बारे में शिक्षित करके पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति विकसित कर रही है। प्रकृति के साथ जुड़ाव को मजबूत करने के लिए बालको ने बच्चों के ग्रीष्मकालीन शिविर में विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया। शिविर के माध्यम से बीज वितरण तथा वृक्ष को गले लगाने का अभ्यास कराया गया जिससे बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को विकसित किया जा सके।

बालको ने वित्त वर्ष 2024 में सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण योगदान के साथ सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जो निम्नलिखित हैं। आसपास के प्राकृतिक जल संसाधनों को पुनर्जीवित करके भूजल बहाली सुनिश्चित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 42 कृषि और सामुदायिक तालाबों का जीर्णोद्धार कर जल संरक्षण के प्रयास को मजबूत किया गया।

1 लाख 20 हजार से अधिक पौधारोपण किया गया जो हरित भविष्य के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। मानव तथा पशुओं के बीच सामंजस्यपूर्ण बंधन को सुगम बनाने के लिए विशेष कार्यशालाओं का आयोजन। स्थानीय वनस्पतियों और जीवों के बारे में सभी को संवेदनशील बनाने के लिए वन सैर के साथ-साथ वन्यजीव और प्रकृति फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन। कंपनी ने क्षेत्र की जैव विविधता को प्रदर्शित करने के लिए मैगजीन का प्रकाशन किया गया। कंपनी ने रिक्लेमेशन प्रक्रिया के तहत 150 हेक्टयेर से अधिक फैले अनुपयोगी पांच ऐश डाइक क्षेत्र का सफलतापूर्वक वनीकरण किया जो पर्यावरण संरक्षण प्रति कंपनी की कटिबद्धता को दर्शाता है।

# इच्छा के विरूद्ध मजार जाकर झाड़फूंक करायी, पति ने मार डाला पत्नी को

**बलौदा।** नगर के मीरादतार में पेट दर्द का इलाज कराने आए पति ने जब उपचार के बाद भी सुधार नहीं होने पर घर वापस चलने की बात कही तो पत्नी ने इंकार कर दिया। इससे गुस्से में आकर पति ने रात में नींद में सो रही पत्नी के मुंह को हाथ से दबाकर पेट में चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया जिससे उसकी मौत होगई। वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित पति को सरगुजा जिला के भण्डारगांव कदमपारा उदयपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।



जानकारी के अनुसार भण्डारगांव कदमपारा उदयपुर जिला सरगुजा निवासी विदेश कुमार पैकरा (30) साल पिता रघुवीर पैकरा के पेट में दर्द होता था। इलाज कराने के लिए अपनी पत्नी देवती पैकरा (26) साल के साथ 3 जून को बलौदा के वार्ड नंबर 3 में मिरादतार मजार आये थे। झाड़ फूंक और इलाज के बाद भी जब दूसरे दिन सेहत में सुधार नहीं हुआ तो विदेश कुमार ने 4 जून को अच्छा नहीं लगने पर अपनी पत्नी को वापस घर चलने के लिए कहा मगर उसकी पत्नी नहीं मानी और इलाज कराने के बाद ही घर चलने की बात कही। पत्नी द्वारा बात नहीं मानने पर उसने उसी रात सो रही पत्नी देवती पैकरा के मुंह को हाथ से दबाकर अपने पास रखे सब्जी काटने वाले चाकू से उसके पेट में ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे देवती की मौत हो गई।

वारदात को अंजाम देने के बाद वहां से फरार हो गया। 5 जून की सुबह 4 बजे के करीब जब मीरादतार में चौकीदारी करने वाला सरजू चौहान सभी को उठाने गया तो देखा कि देवती पैकरा बेसुध पड़ी हुई है और आवाज देने पर नहीं उठ रही है। उसने इसकी जानकारी दी। वहीं सूचना मिलने पर बलौदा थाना प्रभारी अशोक वैष्णव स्टाफ के साथ वहां पहुंचे और देखा कि महिला की मौत हो चुकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने उसके पति विदेश कुमार पैकरा की पतासाजी की मगर कहीं पता नहीं चला। इस पर भादवि की धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया और एक टीम भण्डारगांव कदमपारा उदयपुर भेजा गया। पुलिस ने आरोपित पति को वहां से गिरफ्तार कर बलौदा लेकर आए और पूछताछ की। जिस पर उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# राजस्व और सिंचाई विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा, अधिकारी नींद में

**जांजगीर-चांपा।** नहरिया बाबा मार्ग में नहर किनारे की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने की होड़ मची हुई है। सिंचाई विभाग की जमीन पर अतिक्रमण कर लोग पक्का मकान बना रहे हैं मगर राजस्व और सिंचाई विभाग के अधिकारी आंख मुंदकर बैठे हुए हैं। अधिकारियों के आंखों के सामने अतिक्रमण हो रहा और वे कुछ नहीं कर रहे हैं। जल संसाधन विभाग नोटिस की औपचारिकता निभा रहा है। राजस्व विभाग के अधिकारियों के पास कार्रवाई के लिए समय नहीं है और नगर पालिका को इससे कोई सरोकार नहीं है। जबकि कलेक्टर समय सीमा की बैठक में अवैध अतिक्रमण और प्लाटिंग पर कार्रवाई करने के निर्देश देते थक नहीं रहे हैं। मगर कलेक्टर के निर्देश के बाद भी कार्रवाई नहीं होना अधिकारियों की निष्क्रितया को प्रदर्शित करता है।



जिला मुख्यालय जांजगीर के बीच से बड़ी नहर गुजरी है। इस नहर के दोनों ओर पार बनाए गए हैं। नहरिया बाबा के भक्तों के मंदिर जाने के लिए सीसी रोड भी बनाई गई है। इस सड़क पर लोगों की नजर लग गई है। मुख्य मार्ग से नहरिया बाबा मंदिर की ओर जाने वाले नहर किनारे की जमीन पर वहां रहने वाले लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। अतिक्रमण कारियों ने नगरपालिका के द्वारा बरसाती पानी को बाहर निकालने के लिए बनाई गई नाली पर भी कब्जा कर लिया है। नाली के ऊपर ढलाई कर कालम खड़ाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इसके अलावा नहर से लगी हुई सिंचाई विभाग की जमीन को भी लोगों ने नहीं छोड़ा है। यहीं पर से पालिका द्वारा नगर के बरसाती पानी को निकालने के लिए नाला भी बनाया गया है। इस नहर के नीचे जमीन खरीदने वालों ने जमीन तो निजी व्यक्ति से खरीदी। जब खरीदी तो नहर की हद की जमीन व पालिका के नाले से दूर अपना घर बनाया। बाद में इस जमीन पर आस पास में घर बनाकर रहने वाले लोगों की नजर लग गई है।

निस्तारी के लिए पालिका द्वारा बनाई गई नाली को पाटकर अपने लिए आने जाने का रास्ता बना लिया है, तब किसी ने आपत्ति नहीं जताई जिसके कारण ऐसे लोगों के हौसले बुलंद हो गए हैं। अब नहर की जमीन पर और नाली के ऊपर स्लैब बनाकर पक्का मकान बनाया जा रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारी सब देख रहे हैं पुिर भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। वे कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों की मुंह ताक रहे हैं। जबकि उधर राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है जल संसाधन विभाग यह निर्धारित करें कि कब कार्रवाई करनी है वे तैयार हैं। जबकि उधर कलेक्टर समय सीमा की बैठक में अवैध अतिक्रमण और प्लाटिंग पर कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को देते थक नहीं रहे हैं। कलेक्टर के निर्देश के बाद भी कार्रवाई नहीं होना अधिकारियों की निष्क्रितया को प्रदर्शित करता है। लोगों ने सिंचाई विभाग की जमीन पर अपने घरों का बाउंड्रीवाल और सीढ़ियों का निर्माण किया है। कुछ मकान मालिकों ने 5 फीट तो कुछ ने 10 से 15 फीट सिंचाई विभाग की जमीन को अपने कब्जे में कर रखा है।

**नोटिस के चार साल बाद भी कार्रवाईनहीं**

अक्टूबर 2021 में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने नहरपुल से लेकर नहरिया बाबा तक विभाग के जमीन की नापजोख की थी। इस रास्ते में करीब 50 से अधिक मकान बने हैं जिन्होंने या तो बेजा कब्जा कर घर बना लिया है या फिर दूसरों की देखा देखी बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी है। सिंचाई विभाग के उप अभियंता के एस तंवर की टीम ने 23 और 24 अक्टूबर 2021 को नाप जोख करते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए करीब 50 घरों को चिन्हित किया था। सिंचाई विभाग की जमीन नहर के बीच से लेकर दाहिनी तट पर कुल 93 फीट है। वहीं कोपिंग से 57 फीट नाप कर अवैध कब्जे पर मार्क किया गया था। मगर चार साल बाद भी जल संसाधन विभाग के जमीन पर हुए अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**फिर थमाएं हैं 35 लोगों को नोटिस**

जल संसाधन और राजस्व विभाग अतिक्रमण कारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय नोटिस नोटिस खेल रहे हैं। उधर राजस्व विभाग सरकारी जमीन में अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करना छोड़कर नोटिस देने की औपचारिकता निभा देती है। वहीं जल संसाधन विभाग कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों की मुंह ताकते रहते हैं। जल संसाधन विभाग ने चार साल बाद एक बार फिर 35 अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाया है। वहीं राजस्व विभाग और नगर पालिका ने कलेक्टर के निर्देश पर एक दिन अभियान चलाकर अवैध प्लाटिंग और सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की औपचारिकता पूरी करने के बाद अभियान ठंडा पड़ गया है। जबकि कलेक्टर समय सीमा की बैठक में अवैध अतिक्रमण और प्लाटिंग पर कार्रवाई करने के निर्देश देते थक नहीं रहे हैं।

**आठ साल पहले हटाया गया था अतिक्रमण**

नहर किनारे हुए अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए आठ साल पहले उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई थी। जिस पर तत्कालीन कलेक्टर ओपी चौधरी ने जांजगीर एसडीएम व नगरपालिका के सीएमओ को नहर किनारे से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद नगरपालिका द्वारा अतिक्रमण करने वाले करीब 30 लोगों को नोटिस दी गई थी। नोटिस के बाद भी जब लोगों ने कब्जा नहीं छोड़ा तो तत्कालीन एसडीएम आशीष टिकरिहा, तहसीलदार मोनिका वर्मा, सीएमओ सौरभ शर्मा और नगरपालिका के तोड़ू दस्ता द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। मगर आठ सालों के बाद स्थिति पुिर जस की तस हो गईहै।

विभाग की जमीन पर कब्जा करने वाले 35 अतिक्रमणकारियों को नोटिस दी गई है। राजस्व विभाग और नगर पालिका और पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

पीके तिवारी

एसडीओ, जल संसाधन विभाग जांजगीर

## लू चलने से तापमान फिर पहुंचा 42 डिग्री के ऊपर, जनजीवन के सामने मुश्किलें

**चांपा।** मौसम के उतार-चढ़ाव का ट्रेंड जारी है। एक बार फिर तापमान 42.4 डिग्री तक पहुंच गया और दोपहर में लू के थपेड़ों से लोग हलाकान होते रहे। वहीं, गुरुवार की शाम कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी और बादल छाने से उमस बढ़ गई। गुरुवार को छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक गर्मी रही। बता दें कि एक दिन पहले तापमान पांच डिग्री कम होकर 37 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था, जिससे गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत महसूस हो रही थी।

इस बार भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का हाल-बेहाल कर दिया है। मई के आखिरी सप्ताह तक हीटवेव से लोग बीमार पड़ रहे थे और घर से निकलना मुश्किल था। वहीं, अब जून के पहले हफ्ते में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। हालांकि, इस बीच प्रदेश के कई इलाकों में हुई बारिश की वजह से तापमान में कर्मी आई। लेकिन, एक बार फिर सूर्य का पारा चढ़ने लगा है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गुरुवार की सुबह से चिलचिलाती धूप और फिर दोपहर में भीषण गर्मी से लू की लहर से लोग परेशान होते रहे। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून के आगमन में अभी कुछ दिनों की देरी है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। भीषण गर्मी के साथ ही उमस के चलते लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बुजुर्ग और बच्चों पर इसका बुरा प्रभाव दिख रहा है। हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन के साथ ही लू से लोग बीमार हो रहे हैं।

## मरीज इंतजार करते रहे, डॉक्टर गायब रहे

**बिलासपुर ।** जिले के मस्तूरी के ओखर अस्पताल के बाहर मरीज डॉक्टर का इंतजार करते रहे, लेकिन अस्पताल का ताला दिन भर नहीं खुला। दरअसल, अस्पताल के डॉक्टर समेत 7 स्वास्थ्यकर्मी 25 मई को अस्पताल हीं नहीं पहुंचे। कलेक्टर अवनीश शरण ने डॉक्टर सहित 7 स्वास्थ्य कर्मियों के एक दिन की तनख्वाह काटने के निर्देश दिए हैं।

मस्तूरी ब्लॉक के पीएचसी ओखर में 25 मई को ऑफिस टाइम में अस्पताल में ताला लकटते पाया गया। बड़ी संख्या में मरीज डॉक्टरों के आने का इंतजार कर रहे थे। कलेक्टर को जानकारी मिलने पर उन्होंने नाराज़गी जताई। इस पर कार्रवाई के निर्देश दिए। बीएमओ ने 28 मई को 7 लोगों को शो कॉज नोटिस जारी किया।

# पति के दीर्घ जीवन के लिए रखा गया वट सावित्री व्रत

**चांपा।** महिलाओं ने अखण्ड सौभाग्यवती होने पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री का व्रत रखा । सुबह से ही सज-धजकर वे वट वृक्ष के पास पहुंची और पूजा अर्चना कर 108 बार परिक्रमा कर भगवान से अखण्ड सौभाग्यवती होने के लिए प्रार्थना की। महिलाएं रामबांधा तालाब के पास , चौपाटी के पास , सोनी मोहल्ला,,कसेर पारा , नयापारा स्थित वट वृक्षों की पूजा की। वहीं कई लोगों ने घरों में पूजा अर्चना की।



**शनि जयंती पर मंदिर में पूजा अर्चना**

**सक्ती.** शनि जयंती ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाई गई। सूर्य पुत्र शनिदेव की पूजा अर्चना नगर के शनि मंदिर में की गई। सुबह से ही नगर के शनि मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ थी। लोगों ने न्याय के देवता शनिदेव की पूजा अर्चना की और उन्हें काला वस्त्र, तेल आर्पित किए। शनि मंदिर में मनोकामना दीप भी लोगों ने प्रज्जवलित कराए । वहीं श्रद्धालुओं ने यहां खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया और शरबत का भी वितरण किया गया। रात्रि में भंडारा का आयोजन किया गया।

**महिलाओं ने की सुहाग की दीर्घायु की कामना**

वट सावित्री पर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही पूजा अर्चना की धूम रही । प्रेम और सौभाग्य के प्रतीक वट सावित्री पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की। ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को वट सावित्री मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की दीर्घायु की कामना करती है। सुबह से ही क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय था। महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पेड़ की परिक्रमा की और उसमें कच्चे धागे लपेटे तथा पति की दीर्घायु की कामना की। नगर में नारायण सागर तालाब, शनि मंदिर के पास, थाना के पीछे बिजली ऑफिस के पास वट वृक्ष की पूजा अर्चना सुहागिनों ने विधि विधान से की और प्रसाद वितरण किया। इसके बाद घर जाकर पारणा किया।

**पति की लंबी आयु की कामना**

**शिवरीनारायण.** गुरुवार को नगर में सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की। अलग-अलग मोहल्ले में महिलाओं ने इकट्ठा होकर वट वृक्ष की पूजा की और परिक्रमा करते हुए पति की लंबी उम्र की कामना की। सुहागिन महिलाओं ने बरगद पेड़ के नीचे गौरी गणेश कलश आदि देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की कथा सुनी फिर बरगद पेड़ की 108 बार परिक्रमा की। मान्यता है इसी दिन सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से छिन कर लाई थी।

**सुहाग की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा**

**अकलतरा-** महिलाओं ने वटवृक्ष के नीचे अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए वट सावित्री की पूजा की। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखी और वट वृक्ष की पूजा की। परिक्रमा कर वटवृक्ष को मौली धागा लपेट कर अपने पति की लंबी आयु की कामना की।

# जांजगीर में भाजपा और कांग्रेस को छोड़ 16 प्रत्याशियों की जमानत जप्त

**जांजगीर चंपा।** लोकसभा चुनाव में इस बार परिणाम चौकाने वाले थे। जांजगीर-चांपा लोकसभा में भाजपा, कांग्रेस को छोड़ दिया जाए तो किसी भी प्रत्याशी ने अपना जमानत तक नहीं बचा पाए। लोकसभा चुनाव में इस बार 18 प्रत्याशी मैदान में थे। इसमें भाजपा-कांग्रेस छोड़कर अन्य प्रत्याशियों का जमानत भी जब्त हो गया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर पिछले तीन माह से पूरे जिले में माहौल था। 7 मई को मतदान हुआ। इसके बाद स्ट्रांग रूम में जनादेश कैद हो गया। 4 जून को मतगणना स्ट्रांग रूम में हुआ। जहां सुबह जो रोमांच था, वह दोपहर के बाद तूफान में बदल गया। ऐसा लगा था कि भाजपा जोरदार टक्कर देगी लेकिन ईवीएम की गणना में किसी भी राउंड में कांग्रेस प्रत्याशी के सामने टिक नहीं सका। सुबह 8 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रॉन्ग रूम को खोला गया और पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू हुई। इसके बाद सुबह 8.30 के बाद ईवीएम की गणना शुरू हुई। जैसे-जैसे राउंड बढ़ते गए भाजपा प्रत्याशियों की जीत का अंतर भी बढ़ता गया। सूचना मिलने पर दोपहर 4 बजे के बाद कांग्रेस प्रत्याशी के परिजन व समर्थक मतगणना स्थल पहुंचने लगे। शाम 5 बजे के बाद जीत-हार का सारा गणित सामने आ चुका था। चुनाव आयोग के नियम के अनुसार नोटा को छोड़कर लोकसभा चुनाव में कुल डाले गए मतों के 16.66 प्रतिशत मत या छठवां हिस्सा नहीं मिलने पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी की जमानत जब्त हो जाती है। चुनाव आयोग द्वारा जमानत राशि 25 हजार रुपए निर्धारित किया गया था। लेकिन जांजगीर-चांपा लोकसभा अनुसूचित जाति सीट होने के कारण अभ्यर्थियों के लिए साढ़े 12 हजार रुपए थी। चुनाव मैदान में कुल 18 प्रत्याशी थे, जिनमें से भाजपा और कांग्रेस के 2 प्रत्याशियों को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी यानी 16 अभ्यर्थियों की जमानत जब्त हो गई। लोकसभा में इस बार हुए चुनाव में अब तक के सबसे खराब प्रदर्शन बसपा का रहा है। मात्र 48 हजार 501 ही बटोर सके। इसके पहले 2019 में ड़ेढ लाख से ऊपर वोट मिला था। भाजपा-कांग्रेस के तीसरे दल बसपा ही थे, जमानत तक नहीं बचा पाए। इसमें जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट से बसपा के रोहित डहरिया की भी जमानत जब्त हो गई। ज्ञात हो कि पामगढ़ व बिलाईगढ़ बसपा का गढ़ है, इसके बावजूद मात्र 48 हजार वोट में ही सिमटकर रह गए। चुनाव आयोग के नियम के अनुसार किसी भी चुनाव में जब किसी प्रत्याशी को संबंधित सीट पर पड़े कुल वोटो का 1/6 यानी 16.66 प्रतिशत वोट नहीं मिलता है। इसके लिए चुनाव आयोग उसकी जमानत राशि जब्त कर लेता है। इसको ऐसे समझ सकते है किसी विस सीट में 1 लाख मतदाताओं ने वोट डाला है। इस सीट पर जमानत बचाने के लिए 16.66 वोट की जरूरत पड़ेगी।

## नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

**रायगढ।** जूटमिल थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के बाद जूटमिल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। पीड़िता की मां ने शिकायत में बताया कि वो अपने पति, बच्चों के साथ जूटमिल क्षेत्र में किराया मकान लेकर रहती है। वहीं पास में अभिषेक भोई और उसकी पत्नी लक्ष्मी भोई भी किराया मकान लेकर रहते हैं। इनके साथ इनका बातचीत होती थी। 29 मई को लक्ष्मी भोई का पति अभिषेक भोई ड्यूटी पर गया था। लक्ष्मी की तबीयत ठीक नहीं होने पर लक्ष्मी के साथ घर सोने के लिए बेटी को भेजी थी। दूसरे दिन लड़की घर आई और गुमसुम रहने लगी थी।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.202405050400002
अ-21/2023-24
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदकगण (1) श्रीमती कविता जैन उम्र-45 वर्ष पति श्री धर्मेन्द्र जैन (2) श्रीमती सूरज देवी जैन उम्र लगभग 75 वर्ष पति श्री रानू लाल जैन दोनों जाति-अग्रवाल निवासी-प्लाट नंबर-168 इंदिरा विहार, टी.पी.नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-कोरबा, प.ह.नं.-16, रानिमं.-कोरबा, तहसील-कोरबा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 646/4, रकबा 0.040 हे./0.10 एकड़ भूमि को प्रस्तावित क्रेता- मोहम्मद आसिफ मेमन उम्र-लगभग 42 वर्ष पिता मोहम्मद इकबाल मेमन जाति-मुसलमान निवासी-37 कंधारी ऑटोमोबाईल्स, इंदिरा कमर्शियल कॉम्पलेक्स, टी.पी.नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 28/06/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 06/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.202405050400003
अ-21/2023-24
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदक श्री नीरज कुमार उम्र-लगभग 49 वर्ष पिता स्व. रामश्रेष्ठ सिंह जाति-भूमिहार ब्राम्हण (गैर आदिवासी) निवासी-क्वा.नं.-बी 41, एस.एस.ग्रीन कॉलोनी, डी.डी.एम. स्कूल रोड कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-कोरबा, प.ह.नं.-16, रानिमं.-कोरबा, तहसील-कोरबा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 141/5/49 रकबा 0.012 हे./0.03ए./1344 वर्गफीट भूमि को प्रस्तावित क्रेता-श्रीमती नेहा अग्रवाल उम्र-36 वर्ष पिता श्री पुरूषोत्तम गुप्ता पति श्री मुकेश अग्रवाल निवासी-सी.ओ. : हाउस नंबर ए-29, एस.एस.ग्रीन कॉलोनी, डी.डी.एम. स्कूल रोड कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 28/06/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 31/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

## शराब पीकर ड्रायविंग करने पर 10 चालकों के खिलाफ कार्रवाई

**चांपा-जांजगीर।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, उचित बचाव के लिए यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 101 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत की गई कार्यवाही



यातायात चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाएं पाए जाने पर वाहन को जप्त कर वाहन चालक के विरुद्ध धारा 185 के तहत करवाई किया गया है, जिसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। विवेक शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जांजगीर के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 05.06. 2024 को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, मोटर सायकल में तीन सवारी, वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना, बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना एवम अलग-अलग धाराओं के तहत वाहन चालकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने के संबंध में समझाईस दी जा रही है।

### एडमिशन दिलाने के नाम पर ठगी

## ठगी का एक केस 5 साल में 12 अफसरों से होकर गुजरा, लेकिन कार्रवाई नहीं, अब देंगे जवाब

**बिलासपुर।** गर्वमेंट मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर 5 साल पहले दो आरोपियों ने 4 लाख रुपए की ठगी की थी। यह प्रकरण सिविल लाइन थाने में पदस्थ एक सीएसपी, 6 टीआई, 4 एसआई और एक एएसआई के पास से होकर गुजरा, लेकिन किसी एक ने भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। समीक्षा के बाद जब इन अफसरों की लापरवाही सामने आई, तो आईजी और एसपी ने सभी से स्पष्टीकरण मांगा है। आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने प्रकरण की समीक्षा के बाद 10 बिंदुओं पर अफसरों द्वारा जांच में बरती गई लापरवाही का जिक्र करते हुए 16 अप्रैल को एसपी को पत्र लिखा।

इस पत्र में उन्होंने मामला थाने में दर्ज होने के बाद से लेकर अब तक सिविल लाइन थाने में पदस्थ सभी अफसरों और विवेचकों से स्पष्टीकरण लेकर आईजी कार्यालय में प्रस्तुत करने कहा है। एसपी ने 18 अप्रैल को सभी को पत्र जारी का स्पष्टीकरण मांगा था, जिस पर 6 अधिकारियों ने अपने जवाब प्रस्तुत कर दिए हैं।

शासकीय मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के नाम पर 4 लाख की ठगी करने के बाद भी आरोपी बेखौफ घूम रहे इन बिंदुओं से समझें पुलिस ने किस तरह कहां और कब लापरवाही बरती 6प्रकरण 12 मई 2018 को थाने में दर्ज हुआ। इसके बाद सीधे 31 दिसंबर 2021 को जांच कर खानापूर्ति की गई। 6इसके बाद 2022 में 5 अप्रैल, 15 जून, 30 सितंबर और 31 दिसंबर को जांच करना बताया गया। समीक्षा में यह भी खानापूर्ति मानी गई। 6वर्ष 2023 में 9 फरवरी, 6 जुलाई, 26 अगस्त को जांच की गई। इसमें भी लापरवाही मिली। इसके बाद 8 माह तक कोई जांच नहीं की गई। 6जांच अधिकारी ने 8 सितंबर 2019 को संदेहियों की जानकारी, सीडीआर व लोकेशन लेकर नागपुर जाने की अनुमति ली, लेकिन टीम नहीं भेजी गई। 6खबर मिली कि आरोपी सौरभ श्रीवास्तव किसी मामले में चित्रकूट यूपी में गिरफ्तार हुआ है। लेकिन यहां की पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। 6दोनों आरोपियों का सीडीआर प्राप्त किया गया, लेकिन जांच कर उनकी आपराधिक संबद्धता स्थापित नहीं की गई। न ही कैफे में होने की सूचना पर दबिश दी गई। 6आरोपियों की पतासाजी के दौरान उनकी चल-अचल संपत्ति की जानकारी नहीं ली गई। 611 दिसंबर 2013 को खाते से रुपए ट्रांसफर करने प्रार्थी के बयान के बाद भी बैंक से दस्तावेज जब्ती और आरोपियों से जुड़ी जानकारी हासिल नहीं की गई।

**इन अफसरों व विवेचकों पर लापरवाही का आरोप**

उप पुलिस अधीक्षक बीएस खुंटिया, सेवानिवृत्त हो चुके हैं
टीआई कलीम खान, वर्तमान में अंबिकापुर में पदस्थ
टीआई परिवेश तिवारी, वर्तमान में बलौदा बाजार में पदस्थ
टीआई सुरेंद्र स्वर्णकार, वर्तमान में सुकमा में पदस्थ
टीआई सनीप रात्रे, वर्तमान में वर्तमान में जीपीएम में पदस्थ
टीआई जय प्रकाश गुप्ता, वर्तमान में निलंबित चल रहे
टीआई प्रदीप आर्य, वर्तमान में सिविल लाइन थानाप्रभारी
एसआई फैजुल दोहा शाह, वर्तमान में रायपुर में पदस्थ
एसआई मोहन भारद्धाज, वर्तमान में रायगढ़ में पदस्थ
एसआई संजय बरेठ, वर्तमान में कबीरधाम में पदस्थ
एसआई सुमेंद्र खरे, वर्तमान में राजनांदगांव में पदस्थ
एएसआई भरत लाल राठौर, वर्तमान में कोनी थाने में पदस्थ

## भाजपा नेता को सड़क पर पटककर मारा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में गुरुवार तड़के भाजपा नेता पर एक युवक ने हमला कर दिया। आरोपी ने उनसे चड्डा पहनकर घूमने की बात कही और गाली-गलौज करते हुए सड़क पर पटक दिया। फिर पत्थर से सिर पर वार किए। इसके चलते भाजपा नेता घायल हो गए। वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक, गोंडपारा, सुभाष नगर निवासी अर्जुन भोजवानी व्यापारी हैं। वह भाजपा के मंडल अध्यक्ष भी रह चुके हैं। रोज की तरह अर्जुन गुरुवार तड़के करीब 4.15 बजे रिवर व्यू के पास टहल रहे थे। इसी दौरान स्थानीय युवक विकास दुबे उर्फ मुंडू भी पहुंच गया।

आरोप है कि विकास दुबे ने बॉक्सर पहनकर वॉक कर रहे भोजवानी से कहा कि चड्डा पहनकर घूम रहे हो। इसके बाद गालियां देने लगा। उसकी हरकतों को देखकर भोजवानी ने मना किया तो आरोपी उनके पास आ गया और झगड़ा करना शुरू कर दिया।

बात इतनी ज्यादा बढ़ गई कि मारपीट होने लगी। आरोपी विकास ने भोजवानी को सड़क पर पटक दिया और फिर पत्थर उठाकर उनके सिर पर कई वार किए। इस हमले में भोजवानी के सिर और हाथ में चोटें आई हैं। झगड़ा देख आसपास के लोग पहुंचे और समझाकर मामला शांत कराया। फिलहाल भोजवानी ने मामले की शिकायत थाने में की है।

शहर में पिछले कुछ समय से मारपीट, गुंडागर्दी और चाकूबाजी जैसी घटनाएं आम हो गई है। बदमाशों पर पुलिस का कोई डर नहीं रह गया है। रिवर व्यू में भी सुबह से लेकर शाम तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई भी नहीं करती।

**अनमोल वचन......**

**समझनी है जिंदगी तो पीछे देखो
जीनी है जिंदगी तो आगे देखो!**

# बहुमत गंवाने की तलवार

*एनडीए अगर एकजुट रहा, तो भी सहयोगी दलों के तेवर गुजरे दस वर्षों जैसे नहीं रहेंगे। ऐसे में गठबंधन और सरकार का नेतृत्व करना एक नए तरह के कौशल की मांग करेगा। नरेंद्र मोदी ऐसे कौशल के लिए नहीं जाने जाते। दो राज्यों- उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्त्वाकांक्षाओं और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के एजेंडे पर तगड़ा प्रहार किया। इनके अलावा कई और राज्यों ने पार्टी के वर्चस्व में सेंध लगाई। इनमें हरियाणा, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, झारखंड एवं कुछ अन्य राज्यों का जिक्र किया जा सकता है। भाजपा को ओडिशा, तेलंगाना, और यहां तक कि केरल में भी अनपेक्षित सफलताएं मिलीं। लेकिन यह कामयाबी जिन राज्यों ने उसे झटका दिया, उसकी भरपाई करने लायक नहीं है। नतीजा यह है कि पार्टी के हाथ से बहुमत निकल गया है। बल्कि बहुमत से उसकी दूरी अच्छी-खासी है। हालांकि भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए को जरूर स्पष्ट बहुमत मिला है, लेकिन अब जो सियासी उभरी है, उसमें कौन किस गठबंधन में रहेगा, यह फिलहाल अनिश्चित हो गया है। फिलहाल निश्चित यह है कि एनडीए अगर एकजुट रहा, तो भी सहयोगी दलों के तेवर गुजरे दस वर्षों जैसे नहीं रहेंगे। ऐसे में गठबंधन और सरकार का नेतृत्व करना एक नए तरह के कौशल की मांग करेगा। नरेंद्र मोदी ऐसे कौशल के लिए नहीं जाने जाते। उनकी पहचान आदेशात्मक अंदाज में शासन करने वाले नेता की रही है। इसीलिए एनडीए को बहुमत मिलने और भाजपा के सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बावजूद मोदी-शाह की जोड़ी के लिए पहले की तरह राज करना आसान नहीं होगा। अतः कहा जा सकता है कि 2024 के जनादेश से देश के राजनीतिक गतिशास्त्र में भारी बदलाव आ सकता है। इस चुनाव ने इस धारणा को तोड़ दिया है कि आरएसएस के एजेंडे और मोनोपॉली कॉरपोरेट के साथ उसके गठजोड़ ने भारतीय राजसत्ता पर अपना अटूट शिकंजा कस लिया है। नरेंद्र मोदी इसी शिकंजे का प्रतीक समझे जा रहे थे। इस शिकंजे में प्रधानमंत्री का भरोसा इतना गहरा था कि जन-कल्याण के एजेंडे को वे 'रेवड़ी' बताने लगे। इसकी कीमत उनकी पार्टी को चुकानी पड़ी है। नतीजतन, मोदी अब अपने पुराने अंदाज में राज नहीं कर पाएंगे। वे किस अंदाज में शासन करते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा। अब उन्हें हमेशा यह याद रखना होगा कि बहुमत गंवाने की तलवार उनके सिर पर लटकी हुई है।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा अचानक धन लाभ होगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष राशि-** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है। लाभ होने की संभावना बन रही है।

**मिथुन राशि-** आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज दूसरों को बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे।

**सिंह राशि-** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे।

**कन्या राशि-** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूज़न की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज खर्च में इज़ाफा बचत को ज्यादा मुश्किल बना देगा। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग मिलने वाला है।

**तुला राशि-** आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आएंगे। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। जिससे दोस्ती में और भी मजबूती आयेगी।

**मकर राशि-** आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। पुरानी उलझन आज खत्म होगी। इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।

**कुंभ राशि-** आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपत्ति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा।

**मीन राशि-** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें वरना आपका अधिक समय फिजूल के कामों में निकल जायेगा।

# मुकम्मल जीत की संज्ञा नहीं दी जा सकती

//नवल किशोर कुमार//

**आखिरकार, मतगणना पूर्व सारी कयासबाजियों को खारिज कर कांग्रेस ने एक तरह से भाजपा के मुकाबले जीत हासिल कर ली है। हालांकि और बेशक, इसे मुकम्मल जीत की संज्ञा नहीं दी जा सकती है। भाजपा के करीब 232-236 सीटों के मुकाबले उसे 105 सीटें मिलने के आसार हैं। यदि हम इंडिया गठबंधन के लिहाज से देखें तो पूरे गठबंधन को देश भर में बहुमत के जादुई आंकड़े से कम या फिर इसके बिल्कुल करीब 260-65 सीटें मिल सकती हैं, और अब यह तय हो गया है कि देश में मोदी राज का एक तरह से अंत हो सकता है। लेकिन यह तभी मुमकिन होगा यदि कांग्रेस अपने साथ जदयू जैसे राजनीतिक दलों को साथ मिलाए, जिसने बिहार में 12 सीटें जीत कर अपना महत्त्व एनडीए और इंडिया गठबंधन, दोनों के लिए एक समान रखा है। अब सरकार किसकी बनेगी, इसका दरोमदार बहुत हद तक नीतीश कुमार के रुख पर निर्भर करता है।**

यदि हम अभी सरकार के गठन पर विचार न करें और केवल इस बात पर फोकस करें कि कांग्रेस को मिली यह जीत उसके लिए कितना मायने रखती है तो हम मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को सहज तरीके से समझ सकते हैं। इसके साथ ही हमें कांग्रेस की जीत पर नये सिरे से विचार करना होगा कि आखिर, उसे यह जीत मिली है, कैसे मिली है, और अब उसके सामने किस तरह की चुनौतियां आने वाली हैं। सबसे पहले तो यह कि कांग्रेस को मिली यह जीत केवल उसकी जीत नहीं है, बल्कि इसमें उसके सहयोगी दलों की भी अहम भूमिका रही है। खासकर उत्तर भारत में उसकी जीत मुमकिन नहीं होती यदि उसे सहयोगी दलों का सहयोग प्राप्त नहीं होता।

मसलन, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को 7 सीटें मिलने के आसार हैं, और उसके मुख्य सहयोगी दल समाजवादी पार्टी को अप्रत्याशित तरीके से 36 सीटों पर जीत मिल सकती है। हालांकि बिहार में कांग्रेस और उसके सहयोगी घटक दल वह प्रदर्शन नहीं पाए हैं, जो उत्तर प्रदेश में उन्होंने कर दिखाया।

उसकी मुख्य सहयोगी राजद स्वयं 5 सीटों के अंदर सिमट गई है तो कांग्रेस को भी वहां राजद जैसे सहयोगियों के साथ होने से 2 सीटें मिलने के आसार हैं। लेकिन झारखंड में भी कांग्रेस को यदि 2 सीटें मिलने के आसार हैं, तो इसकी मुख्य वजह झारखंड मुक्ति मोर्चा है, जिसे 3 सीटें मिल सकती हैं। ऐसे ही मध्य भारत विशेषकर महाराष्ट्र में कांग्रेस को मिली जीत के पीछे एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) गुट की भूमिका है।

अलबत्ता, हम यह कह सकते हैं कि राजस्थान छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को मिली जीत उसकी अपनी जीत है। ऐसे ही दक्षिण भारत में उसे मिली कामयाबी का श्रेय कांग्रेस को अकेले नहीं दिया जा सकता है। यह साफ है कि कांग्रेस को मिली यह ऐतिहासिक कामयाबी के पीछे इंडिया गठबंधन का होना है, जिसने दस साल से चली आ रही नरेन्द्र मोदी हुकूमत को लगभग उखाड़ फेंका है। ऐसे में अब यह कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि वह इस इंडिया गठबंधन की एकता को बनाए रखे और अब जो सरकार बनेगी, उसमें वह अपने घटक दलों को समुचित सम्मान दे। इसके अलावा, उसे यह सनद रहना चाहिए कि इंडिया गठबंधन ऐसे राजनीतिक दलों का समूह है जो विचारधारा के स्तर पर मौलिक रूप से एक नहीं हैं। इस कारण भी कांग्रेस की चुनौतियां निश्चित रूप से बढ़ने वाली हैं। हालांकि वर्ष 2004 में यूपीए-1 के दौरान भी इस तरह का माहौल था, तब कांग्रेस ने डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाकर अपने सहयोगियों की एकता को मजबूत किया था। जाहिर तौर पर प्रधानमंत्री कौन बनेगा, बहुत हद तक इस बात पर निर्भर करेगा। नई सरकार का नेतृत्व के अलावा कांग्रेस के सामने अब जो सबसे बड़ी चुनौती है, वह अपने वायदों को पूरा करने की है। इन वायदों में सामाजिक न्याय को लेकर किए गए वायदे हैं, जिसे उसने अपने घोषणापत्र में प्रथम स्थान दिया था। इसके मुताबिक उसे देश में जातिगत जनगणना करवाने की घोषणा अति शीघ्र करनी होगी, क्योंकि मोदी सरकार ने 2021 में होने वाली सामान्य जनगणना पर भी रोक लगा रखी थी।

इसके अलावा, कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को समाप्त करने की बात कही थी, तो इसके लिए भी उसे पहलकदमी करनी होगी। और ये दोनों काम इतने आसान नहीं हैं क्योंकि जातिगत जनगणना को लेकर कांग्रेस के अंदरखाने में ही विषम आवाजें तब भी सुनाई दे रही थीं, जब वह जीत के लिए संघर्षरत थी। ऐसे में उसे अपने अंदर उठने वाली आवाजों से भी टकराना होगा। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने चुनावी सभाओं में जनसंख्या के अनुपात में समानुपातिक हिस्सेदारी का सवाल बार-बार उठाया था। अब जब कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनना तय हो गया है तो उसे अब यह सत्य करके दिखाना होगा। लेकिन वह सरकारी तंत्र, जिस पर अब भी सामान्य वर्ग के लोगों का कब्जा अधिक है, क्या इसके लिए तैयार होगा। इसके लिए उसे नीतियां बनाने से लेकर न्यायालयों तक का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा, उसे यह नहीं भूलना होगा कि अगर भाजपा विपक्ष में बैठी तो वह कमजोर नहीं होगी।

निस्संदेह यदि कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार का गठन होता है तो उसके समक्ष अब पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा उठाए गए हिन्दुत्ववादी कदमों को वापस लेने की जिम्मेदारी होगी। मसलन, यदि हम अकादमिक जगत का ही उदाहरण लें तो उसे पूर्ववर्ती मोदी सरकार द्वारा पाठ्यक्रमों में किए गए बदलावों को खारिज करना होगा। लेकिन यह सब किसी जादुई छड़ी के घुमाने मात्र से नहीं होगा। इसके लिए अगली सरकार को कड़े फैसले लेने होंगे।कांग्रेस के समक्ष देश की अर्थव्यवस्था को संभालने की भी जिम्मेदारी है, क्योंकि इससे तो कतई इंकार नहीं किया जा सकता है कि पूर्ववर्ती मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आम आदमी के हितों को नुकसान पहुंचा। अब उसे ठीक करने और अर्थव्यवस्था को पटरी लाने की जिम्मेदारी कांग्रेसनीत सरकार की होगी।कुल मिलाकर यह कि कांग्रेस को मिली यह जीत सिर कांटों से भरे ताज के समान है, जिसे न केवल उसे पहनना पड़ेगा, बल्कि देश के समक्ष जो चुनौतियां वर्तमान में हैं, उनसे भी निबटना होगा। गठबंधन धर्म की मुश्किलें उसे अलग से आएंगी। अब इसमें वह कितनी सफल होगी, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। फिलहाल तो यह कहा ही जा सकता है कि कांग्रेस ने अपने सहयेगी दलों के साथ मिलकर एक इतिहास रचा है। यह एक ऐसी जीत है, जिसकी तुलना हम जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को मिली जीत से नहीं कर सकते, क्योंकि अतीत में कांग्रेस देश की मुख्य ताकत थी और वर्तमान में वह सिर्फ एक गठबंधन की मुखिया है, जिसे उसके घटक दलों के बल पर जीत हासिल हुई है।

# मोदी परिघटना पर विराम लगा

//सत्येन्द्र रंजन//

**चुनावी राजनीति का एक हद तक सामान्य रूप रूप में लौटने का संकेत ही इस आम चुनाव की विशेषता है। इसका अर्थ यह है कि नरेंद्र मोदी परिघटना पर विराम लग गया है। यह धारणा टूट गई है कि नरेंद्र मोदी का करिश्मा चुनावों में उसकी सफलता की गारंटी बना रहेगा। इस आम चुनाव में वास्तव में यही कथित करिश्मा जख्मी हुआ है। साल 2024 में आकर राष्ट्रीय जनादेश एक बार फिर खंडित रूप में सामने आया है। वैसे 2014 और 2019 में भी जनादेश इलाकाई आधार पर खंडित रहा था। तब उत्तर और पश्चिमी भारत में भाजपा का सिक्का चला था। दक्षिण में कर्नाटक तक उसके पांव जरूर पसरे थे, लेकिन बाकी दक्षिणी राज्यों में उसकी पहुंच नहीं बन सकी थी। पूर्वी भारत और उत्तर-पूर्व की तस्वीर मिली-जुली रही थी। 2024 में उत्तर और पश्चिम भी बंट गए। यह जरूर है कि वोट प्रतिशत के लिहाज से भाजपा के पांव दक्षिणी राज्यों में अधिक पसरे हैं, भले ही उसे सीटों के अर्थ में वहां उस हद तक फायदा ना हुआ हो।**

इस सूरत को देखते ताजा जनादेश के बारे में कोई समग्र निष्कर्ष निकालना संभव नहीं है। भाजपा को उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में तगड़ी चोट लगी है। इसके अलावा कई राज्यों में उसे सीटों का नुकसान हुआ है। मगर ये वो राज्य हैं, जहां वह दो बार से चरम सफलता हासिल कर रही थी। वैसे में उसे नुकसान होना राजनीति का सामान्य स्तर पर लौटना माना जाएगा। बहरहाल, चुनावी राजनीति का एक हद तक सामान्य रूप रूप में लौटने का संकेत ही इस आम चुनाव की विशेषता है। इसका अर्थ यह है कि नरेंद्र मोदी परिघटना पर विराम लग गया है। यह धारणा टूट गई है कि आम जन की जिंदगी से जुड़े विभिन्न मोर्चों पर भाजपा सरकार का प्रदर्शन चाहे जैसा रहे, नरेंद्र मोदी का करिश्मा चुनावों में उसकी सफलता की गारंटी बना रहेगा। इस आम चुनाव में वास्तव में यही कथित करिश्मा जख्मी हुआ है।ऐसा होने के परिणाम दूरगामी हो सकते हैं। आखिर इसी करिश्मा में कीन के कारण देश के कॉरपोरेट सेक्टर और अन्य शासक वर्गों ने पिछले एक दशक से अपना पूरा दांव मोदी पर लगा रखा है। यह दांव लगाने की शुरुआत तब से हुई थी, जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। असल में ÷गुजरात मॉडल÷ यही था कि कॉरपोरेट मोदी के पीछे अपनी पूरी ताकत लगाएं और उस बदौलत सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार उनके माफिक नीतियों पर अमल करे।इस मॉडल का एक बड़ा आयोजन वाइब्रेंट गुजरात होता था, जहां पहुंच कर 2007-08 से ही देश के बड़े पूंजीपतियों ने मोदी को भारत का भावी प्रधानमंत्री घोषित करना शुरू किया था। मोदी का वह फॉर्मूला राष्ट्रीय स्तर पर भी कारगर रहा। उसी के परिणामस्वरूप पिछले दस साल आम जन की दुर्दशा बढ़ी है। मगर इस चुनाव में वह फॉर्मूला अगर पूरी तरह से पिटा नहीं है, तो कम-से-कम यह तो कहा ही जाएगा कि उसमें बड़े छेद हो गए हैं।तो यह लाजिमी है कि मोदी पर अब तक दांव लगाने वाले धनी-मानी तबके अब इस सवाल पर सोचने पर मजबूर होंगे कि क्या एकमात्र उसी चेहरे पर दांव लगाए रखना बुद्धिमानी होगी, जिसके चुनावी मुकाबले में पिटने की शुरुआत हो गई है।

हिंदुत्व, उग्र राष्ट्रवाद, और उन्माद की हद तक भावनात्मक माहौल बना कर चुनावी सफलता हासिल करते रहने का खुद नरेंद्र मोदी में आत्म-विश्वास इतना गहरा था कि 2024 आते-आते उन्होंने विकास या जन-कल्याण की बात करनी ही छोड़ दी। या इसे ऐसे भी कहा जा सकता है कि ऐसा करने की उनकी क्षमता चूक गई। क्षमता संभवतः इसलिए चूक गई, क्योंकि उनके शासनकाल का जो रिकॉर्ड है, उसे देखते हुए लोगों के लिए उनके ऐसे उनके वायदों पर भरोसा करना संभव नहीं रह गया।

2024 के चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी और उनके रणनीतिकारों ने 'विकसित भारत' की कहानी तैयार की थी। लेकिन मतदान का पहला चरण आते-आते यह साफ हो गया कि वैसे ऊंचे सपनों में अब आम जन की रुचि नहीं है। जब उनकी अपनी जिंदगी अवनति की तरफ हो, तब यह लाजिमी है कि उन्नत या विकसित भारत के कथानक में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं होती। तो मोदी और उनकी पार्टी ने पहले चरण के मतदान के बाद इस कहानी चर्चा ही छोड़ दी। उसके बाद वे हिंदू-मुस्लिम के अपने आजमाए फॉर्मूले पर लौट गए। मगर चुनाव नतीजों से जाहिर है कि यह फॉर्मूला भी अब पहले जैसा कारगर नहीं रह गया है।

2024 का चुनाव नरेंद्र मोदी ने जन-कल्याण की सोच के खिलाफ जंग छेड़ते हुए लड़ा। इसे उनका दुस्साहस ही कहा जाएगा कि 2023-24 के बजट में (जो आम चुनाव के पहले का आखिरी पूर्ण बजट था) उनकी सरकार ने जन-कल्याण के तमाम कार्यक्रमों के लिए आवंटन में कटौती कर दी। यह सिलसिला 2024-25 के अंतरिम बजट में भी जारी रहा। इस बीच मोदी रेवड़ी संस्कृति के खिलाफ जुबानी मुहिम भी छेड़ चुके थे। 2024 के चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने बढ़ती गैर-बराबरी को सही ठहराने की कोशिश की, कुछ हाथों में धन संग्रहण की चिंताजनक परिघटना को उन्होंने वेल्थ क्रियेटर्स की कामयाबी के रूप में पेश किया, और गरीब आवाम को दी जाने वाली राहत को देश के विकास में बाधक बताया। इस तरह उन्होंने ऐसी समझ लोगों के सामने रखी, मानों देश और आम जन कोई अलग-अलग चीज हो! आज अगर पिछले दो आम चुनावों की तुलना में और भी ज्यादा खंडित जनादेश हमारे सामने आया है, तो यह बेशक कहा जा सकता है कि जिन आम जन के प्रति प्रधानमंत्री ने अपमान का ऐसा भाव दिखाया, उसके एक बड़े हिस्से ने फिलहाल उनकी पार्टी से बदला लिया है। यही वो तबके हैं, जिनके मन में 'अच्छे दिन' के वादे ने ऊंची उम्मीदें जगाई थीं। मोदी ने बतौर प्रधानमंत्री के अपने पहले कार्यकाल में 'लाभार्थी' संस्कृति का हौव्वा खड़ा कर उन उम्मीदों को जिंदा रखा। लेकिन 2024 आते-आते उन्होंने आम जन को लाभ पहुंचाने की सोच पर ही हमला बोल दिया। उसका नतीजा सामने है। हिंदुत्व के अंडरकरंट से हुए ध्रुवीकरण के साथ 'अच्छे दिन' के वादे ने भाजपा के लिए जो प्लस वोट जोड़े थे, वे अगर पूरे देश में नहीं, तो कम-से-कम कुछ राज्यों में जरूर ही, उससे अलग हो गए हैं। नतीजतन, भाजपा ने लोकसभा में बहुमत गंवा दिया है। 1989 में भारतीय राजनीति पर कांग्रेस का वर्चस्व खत्म होने के बाद से और 2014 में मोदी के उदय के पहले तक- एक समझ यह थी कि भारत में अब कोई राष्ट्रीय जनादेश नहीं होता। बल्कि प्रांतीय स्तर पर उभरने वाले जनादेश के कुल योग से राष्ट्रीय राजनीतिक सूरत उभरती है। 2024 में फिर से बात वहीं पहुंचती दिखी है। और इसके साथ ही भारतीय राजनीति में नरेंद्र मोदी युग के अंत की शुरुआत हो गई है।

## केंद्र में गठबंधन सरकार


चूंकि लोकसभा चुनाव परिणाम में कोई भी पार्टी बहुमत का जादुई आंकड़ा नहीं छू सकी है, इसलिए इतना तय है कि केंद्र में गठबंधन सरकार होगी। बेशक, भाजपा 240 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, लेकिन बहुमत के आंकड़े 272 से यह संख्या काफी कम है। हालांकि भाजपा नीत गठबंधन की सीटों की संख्या 292 है, जबकि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के पास 233 सीटें हैं। इसलिए गठबंधन सरकार बनाने की कवायद दोनों तरफ से तेज हो गई है। साफ है कि सरकार बनाने में जदयू और तेलुगू देशम की भूमिका महत्त्वपूर्ण होगी। ये दोनों अभी भाजपा के सहयोगी दल हैं।जदयू भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के महत्त्वपूर्ण घटक है, लेकिन 'इंडिया' गठबंधन के नेता दोनों दलों से संपर्क साधने में जुट गए हैं। इसलिए कि उन्हें लगता है कि इन दलों और भाजपा का सहयोग-साथ स्वाभाविक नहीं है, और भाजपा के साथ इन दलों के नेता सहज महसूस नहीं करते। जदयू के नेता नीतीश कुमार और तेलुगू देशम के नेता चंद्रबाबू नायडू के साथ ही रालोद मुखिया जयंत चौधरी, लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान समेत छोटे दलों पर भी 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की नजर है।नीतीश कुमार से मल्लिकार्जुन खरगे, शरद पवार जैसे 'इंडिया' गठबंधन के बड़े नेताओं को खास उम्मीद है क्योंकि इस गठबंधन के शिल्पकार नीतीश ही थे। बाद में घटनाक्रम ऐसा रहा कि वे स्वयं को 'इंडिया' गठबंधन में 'उपेक्षित' महसूस करने लगे और अपने समर्थकों के साथ भाजपा नीत एनडीए का हिस्सा बन गए। लेकिन राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। तेलुगू देशम के चंद्रबाबू नायडू से भी 'इंडिया' गठबंधन को खासी उम्मीद है।दोनों नेता, हालांकि बाकायदा भाजपा के साथ हैं, लेकिन जिसके भी साथ होंगे सत्ता का पलड़ा उसके पक्ष में झुकाने में कारगर भूमिका निभा सकते हैं। वैसे अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि किसी तरफ के घटक दल को अपने साथ ले आना इतना आसान नहीं होता। चूंकि किसी एक दल को बहुमत नहीं मिला है, इसलिए तोड़-जोड़ का खेल तेज होगा।

## तस्वीरों की दुनिया


पटना में वट सावित्री पूर्णिमा के अवसर पर महिलाएं पूजा-अर्चना करती हुई।


टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने नई दिल्ली में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से उनके आवास पर मुलाकात की।


रांची में वट सावित्री पूजा के दौरान एक महिला दूसरी महिला को सिंदूर लगाती हुई।


हरिद्वार में हर की पौड़ी पर पवित्र स्नान के लिए बड़ी संख्या में हिंदू श्रद्धालु एकत्रित हुए।


भुवनेश्वर में वट सावित्री पूजा के अवसर पर ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग प्रार्थना करते हुए।


ऑपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं वर्षगांठ पर अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में 1984 की शहीदी गैलरी देखने पहुंचे लोग।


भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी और उनके बेटे और जेडी(एस) युवा विंग के अध्यक्ष निखिल कुमारस्वामी से बेंगलुरु में उनके आवास पर मुलाकात की।

# शपथ ग्रहण समारोह में दिखेगी नेबरहुड फर्स्ट की झलक, शेख हसीना से लेकर प्रचंड तक

नईदिल्ली, 07 जून [एजेंसी]।

नौ जून, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में एक बार फिर पड़ोसी देशों की सरकारों के प्रमुखों के उपस्थित होने की संभावना है। देर शाम तक मिली जानकारी के मुताबिक, बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना, नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है।शेख हसीना और प्रचंड शुक्रवार (सात जून) को ही नई दिल्ली पहुंच रहे हैं। इसके अलावा मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को भी आमंत्रित किए जाने की संभावना है। भूटान, सेशेल्स और मॉरीशस के प्रधानमंत्रियों को भी आमंत्रण भेजा रहा है। इसके अलावा भी विदेश मंत्रालय की तरफ से कुछ और विदेशी मेहमानों को आमंत्रित किए जाने को लेकर देर शाम तक कोशिश हो रही थी।पीएम मोदी ने अपने पहले शपथ ग्रहण समारोह (मई, 2014) में दक्षेस संगठन के सभी सदस्य देशों के प्रमुखों को आमंत्रित किया था। उस समय पाकिस्तान के पीएम नवाज शरीफ भी भारत आए थे। पीएम मोदी के दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में भी कुछ पड़ोसी देशों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया था। चूंकि, इस बार चुनाव के नतीजे निकलने और सरकार बनाने की स्पष्टता आने के तीन दिनों बाद ही शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हो रहा है, इसलिए ज्यादा विदेशी मेहमानों को आमंत्रित करने का समय नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान व चीन के अलावा दूसरे अन्य पड़ोसी देशों व हिंद महासागर में स्थित दो करीबी पड़ोसी देशों मॉरीशस व सेशेल्स की सरकारों के प्रमुखों को ही आमंत्रित किया गया है। यह पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों को मजबूत बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह भी ध्यान रहे कि मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू को चीन परस्त माना जाता है और उनकी कुछ नीतियां इस बात की गवाही भी देती हैं। इसके बावजूद भारत ने उन्हें आमंत्रित किया है। नेपाल के पीएम प्रचंड और बांग्लादेश की पीएम के कार्यालय की तरफ से बताया गया है कि वे सात जून, 2024 को नई दिल्ली पहुंच रहे हैं। शेख हसीना पीएम मोदी के पहले के दोनों शपथ ग्रहण समारोह में भी उपस्थित थीं।



इस बीच पीएम मोदी को गुरुवार को भी बधाई संदेश आने का सिलसिला जारी रहा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक दिन पहले पीएम मोदी को बधाई दी थी। गुरुवार को उन्होंने कहा कि उनकी बात पीएम मोदी से टेलीफोन पर हुई है। जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा-मैंने मोदी से भारत में शीघ्रता से नई सरकार के गठन को लेकर शुभकामना दी।

हमारे बीच आगामी शांति बैठक को लेकर भी बात हुई है। हम चाहते हैं कि भारत इस बैठक में उच्च स्तर पर हिस्सा ले। मैंने पीएम मोदी को जल्द से जल्द यूक्रेन की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया है।देर रात इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी पीएम मोदी से टेलीफोन पर बात की है। इसके बाद आर्मीनिया के राष्ट्रपति निकोल पाशिनयान ने भी मोदी को फोन कर बधाई दी।

# तेदेपाप्रमुख ने पार्टी सांसदों को एनडीए की बैठक में शामिल होने का दिया निर्देश



अमरावती, 07 जून [एजेंसी]।

तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) सुप्रीमो एन. चंद्रबाबू नायडू आगामी 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इसके साथ ही पार्टी के केंद्र सरकार में भी शामिल होने की संभावना है। तेदेपा प्रमुख ने गुरुवार को पार्टी सांसदों को शुक्रवार को राजग की बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया। तेदेपा ने आंध्र प्रदेश में अकेले 16 लोकसभा सीटों और 135 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। तेदेपा प्रवक्ता ज्योत्सना तिरुनगरी ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 12 जून को संभावित है। केंद्र सरकार में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि तेदेपा राजग में दूसरी सबसे बड़ी और अत्यंत महत्वपूर्ण पार्टी है। हम राजग का हिस्सा हैं और निश्चित तौर पर केंद्र सरकार में शामिल होंगे।

यह पहली बार नहीं है कि पार्टी केंद्र में राजग के साथ सरकार में है। वाजपेयी सरकार में भी हम वहां थे। इधर, पूर्व सांसद के. रविंद्र नाथ ने कहा कि नायडू ने गुरुवार को पार्टी के सभी सांसदों के साथ बैठक की और सभी को शुक्रवार को दिल्ली में होने वाली राजग की बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को तेदेपा पर नई सरकार के गठन से पहले प्रदेश में डर का माहौल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमले करने की बात कहते हुए राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर से मदद की गुहार लगाई।तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को तेदेपा प्रमुख से फोन पर बातचीत की और आंध्र प्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनाव में धमाकेदार जीत के लिए बधाई दी। इस दौरान रेड्डी ने आशा जताई कि दोनों राज्यों के बीच सौहा?र्द्रपूर्ण संबंध जारी रहेंगे और आंध्र प्रदेश के विभाजन से संबंधित लंबित मुद्दों को हल किया जाएगा।

# सिंध में बनाया जाए करतारपुर जैसा कॉरिडोर, पाकिस्तान के पर्यटन मंत्री ने हिंदू-जैन धार्मिक स्थलों को लेकर क्यों कही ये बात



कराची, 07 जून [एजेंसी]।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत के पर्यटन मंत्री जुल्फिकार अली शाह ने भारत की सीमा से लगे सिंध प्रांत में करतारपुर जैसा धार्मिक कॉरिडोर खोलने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि इससे हिंदू और जैन मतावलंबियों को देश में मौजूद अपने ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों की यात्रा करने में काफी आसानी होगी। वह दुबई में बुधवार सिंध प्रांत में पर्यटन को बढ़ावा देने संबंधी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

शाह ने कहा कि कॉरिडोर उमरकोट और नगरपारकर में बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में हिंदू और जैन मतावलंबी सिंध के धार्मिक स्थलों की यात्रा करना चाहते हैं। उमरकोट में ऐतिहासिक शिव मंदिर है, जिसे सिंध प्रांत के सबसे पुराने हिंदू मंदिरों में से एक माना जाता है। कई लोगों का मानना है कि इसका निर्माण दो हजार वर्ष पूर्व किया गया था।वहीं नगरपारकर में भी कई जैन मंदिर हैं। सिंध सरकार के प्रवक्ता ने भी पुष्टि की कि शाह ने विभागीय अधिकारियों के साथ इस संभावना पर चर्चा की थी। इसके साथ ही उन्होंने धार्मिक पर्यटकों की सुविधा के लिए भारत से सुक्कुर अथवा लरकाना के लिए साप्ताहिक उड़ान शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा। पाकिस्तान सरकार ने नवंबर 2019 में करतारपुर कोरिडोर खोला था, पाकिस्तान-भारत सीमा से लगभग 4.1 किमी की दूरी पर है।

# चुनाव खत्म होते ही सीएम योगी ने दे दी खुशखबरी अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश- जल्द शुरू करें

लखनऊ, 07 जून [एजेंसी]।

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया से उपजे परिणामों से उबरते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व की तरह शासन के कामकाज की गहन समीक्षा शुरू कर दी है। इस कड़ी में गुरुवार को उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने मिशन रोजगार के अपने एजेंडे पर जोर देते हुए खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज से आगे बढ़ाने की बात कही है। साफ कहा कि खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू करें। भर्ती कब तक पूरी होगी इसकी जानकारी भी उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग से साझा करें। लोकसभा चुनाव के बाद हुई पहली अहम बैठक करीब तीन घंटे चली। बैठक में सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति और भावी कार्ययोजनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने गन्ना पेराई सत्र को लेकर भी निर्देश दिए। कहा, नया सत्र प्रारंभ होने से पूर्व पिछला पूरा बकाया भुगतान हो जाए। गन्ना उन्हीं मिलों को उपलब्ध कराया जाए, जिनका भुगतान रिकार्ड अच्छा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी व लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में पूरे प्रदेश में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। मुख्यमंत्री ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करने और सेफ सिटी परियोजना से जुड़े कार्यों को समय से पूरा करने का निर्देश दिया है। शहरों में पेयजल संकट के समाधान के साथ ही उन्होंने स्ट्रीट डाग की समस्या का स्थायी समाधान तलाशने की बात कही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि बालू, मौरंग, गिट्टी जैसे उपखनिजों का आम आदमी से सीधा जुड़ाव है। बरसात के मौसम में खनन कार्य स्थगित रहेगा, ऐसे में यह सुनिश्चित कराएं कि इनकी कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी न हो। इसकी कालाबाजारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए। खनन कार्य के वाहनों में किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई सभी शैक्षिक संस्थानों में शैक्षिक कैलेंडर इस प्रकार तैयार किया जाना चाहिए ताकि 10 मई तक सभी परीक्षाएं संपन्न हो जाएं। भीषण गर्मी के मौसम में परीक्षाओं से परहेज किया जाना चाहिए।

# असम के सामाजिक ताने बाने की बुनियाद कमजोर, सीएम हिमंत बिस्वा बोले- नागांव और धुबरी के परिणाम खतरनाक



गोलपाड़ा,07 जून [एजेंसी]।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को दावा किया कि नागांव और धुबरी लोकसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम इस तथ्य की ओर इशारा करते हैं कि राज्य के सामाजिक तानेबाने की बुनियाद बहुत कमजोर है। धुबरी सीट से कांग्रेस विधायक रकीबुल हुसैन ने 10 लाख वोट के रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की है, वहीं नागांव से पार्टी सांसद प्रद्युत बोरदोलोई 2,12,231 मतों के अंतर से विजयी हुए हैं। सरमा ने संवाददाताओं से कहा कि नागांव और धुबरी के चुनाव परिणाम हमारे समाज और राष्ट्रीय जीवन के सामने खतरे को दिखाता है। उन्होंने दावा किया कि आप सोचिए कि 10 लाख से ज्यादा वोट से जीत हुई और एक भी हिंदू ने वहां मतदान नहीं किया। हमारे सामाजिक ताने बाने के सामने कैसा खतरा है?सरमा ने यह भी कहा कि बोरदोलोई ने भी नागांव में मुस्लिम बहुल विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा ने सभी हिंदू बहुल विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जोरहट से कांग्रेस उम्मीदवार और निवर्तमान सांसद गौरव गोगोई की जीत को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि वह अपने हैं और उनकी जीत में कुछ भी सांप्रदायिक नहीं है।

# क्या आईएनडीआईए में बड़ी भूमिका निभाएंगे कमलनाथ गठबंधन सरकार में मध्यस्थता के लिए क्या है संकेत



भोपाल, 07 जून [एजेंसी]।

देश में कांग्रेस की अगुआई वाले यूपीए की सरकार की जब भी बात आई तो दिग्गज नेता कमलनाथ की भूमिका बड़े मध्यस्थ की रहती थी। गांधी परिवार का करीबी होने के कारण कांग्रेस कमलनाथ को आगे करती और गठबंधन के दल भी उन पर भरोसा करते थे। इस बार कांग्रेस की अगुआई वाला आईएनडीआईए बहुमत से 38 सीटों की दूरी पर है। कांग्रेस के कई नेता इस बार बहुमत पाने वाले एनडीए के अन्य दलों को अपने पाले में लाकर सरकार बनाने की आस लगाए हुए हैं, लेकिन इस परिदृश्य में कमलनाथ कहीं नहीं हैं। इसके दो प्रमुख कारण हैं। पहला-बेहद प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में कमल नाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में उनके बेटे नकुल नाथ चुनाव हार गए। दूसरा-लोकसभा चुनाव के पहले कमल नाथ के भाजपा में जाने की अटकलें थीं। माना जा रहा है कि इस कारण गांधी परिवार का उन पर भरोसा कम हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर कमल नाथ की सक्रियता न के बराबर हो गई है। कभी कमलनाथ को इंदिरा गांधी का तीसरा बेटा कहा जाता था। राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी होने के साथ अच्छी छवि के कारण उन्होंने सरकार और संगठन में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। केंद्र में कांग्रेस कमजोर हुई तो पार्टी ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के पहले कमलनाथ को मध्य प्रदेश भेज दिया। कांग्रेस की जीत के बाद वह मुख्यमंत्री भी बने। हालांकि, सरकार 15 महीने ही चल पाई। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद से गांधी परिवार ने कमल नाथ से दूरी बनानी शुरू कर दी। इस बीच लोकसभा चुनाव के पहले कमलनाथ और उनके बेटे नकुल नाथ के भाजपा में जाने की अटकलों ने भी गांधी परिवार से उनकी दूरी बढ़ा दी। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद से कांग्रेस में गुटबाजी थमी नहीं। सबसे ताकतवर माने जाने वाले कमल नाथ पार्टी में अकेले पड़ गए हैं। बुधवार को उन्होंने भावुक होकर कह भी दिया कि छिंदवाड़ा की जनता ने विदाई दी है और यह विदाई मैं स्वीकार करता हूं।

दरअसल, मार्च 2023 में राज्यसभा चुनाव के दौरान ही राहुल गांधी और कमल नाथ के बीच की खटास भी जगजाहिर हो गई, जो विधानसभा चुनाव हारने के बाद और बढ़ गई। राहुल गांधी की नाराजगी के बाद कमल नाथ को हटाकर जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया था। वैसे भी, विधानसभा चुनाव हारने के बाद कमल नाथ का मन मध्य प्रदेश में नहीं लग रहा था। कांग्रेस में भी इन दिनों कमलनाथ अलग-थलग पड़ गए हैं। जब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो रहा था, तब कमल नाथ का नाम भी अध्यक्ष की दौड़ में आगे बढ़ाया गया था। तब कमल नाथ ने यह सोचकर अपने कदम पीछे खींच लिए थे कि वह मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर सरकार बना लेंगे तो पार्टी में ज्यादा ताकतवर हो जाएंगे, लेकिन परिणाम कुछ और हुआ। कांग्रेस हार गई।

# महाराष्ट्र के निर्दलीय निर्वाचित विशाल पाटिल ने कांग्रेस को दिया समर्थन, मल्लिकार्जुन खरगे ने कही ये बात

**नई दिल्ली 07 जून ।** महाराष्ट्र की सांगली लोकसभा सीट से निर्वाचित निर्दलीय सांसद विशाल पाटिल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात कर अपना समर्थन देने की घोषणा की। पाटिल महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री वसंतदादा पाटिल के पोते हैं। वह सांगली लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए हैं। कांग्रेस के पूर्व नेता पाटिल ने सांगली सीट महाविकास आघाडी (एमवीए) में सीट बंटवारा समझौते के तहत शिवसेना (यूबीटी) को दिए जाने के बाद बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ा। मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सांगली से निर्वाचित सांसद विशाल पाटिल द्वारा कांग्रेस पार्टी को समर्थन दिए जाने का हम स्वागत करते हैं।नरेंद्र मोदी की कैबिनेट भंग होने के बाद एनडीए में गुरुवार को गठबंधन की सरकार बनाने के लिए बातचीत का दौर शुरू हो गया है।



# पीएम मोदी को हमारा बिना शर्त समर्थन, चिराग पासवान ने एनडीए के साथ को लेकर क्या किया खुलासा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत पीएम मोदी के नेतृत्व की जीत है। इस कारण लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिना शर्त समर्थन किया है। यह बात गुरुवार लोजपा-रामविलास प्रमुख चिराग पासवान ने कही।उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि हमने बुधवार को राजग की बैठक में पीएम मोदी और उनके नेतृत्व को अपना समर्थन दिया। हमने बिना शर्त उनके नेतृत्व को स्वीकार किया। उनके नेतृत्व के कारण ही NDA को जीत मिली। गत बुधवार को भाजपा नीत NDA गठबंधन के नेताओं ने पीएम मोदी को निर्विरोध सत्तारूढ़ दल का नेता चुना। इस दौरान गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों और समाज के वंचित वर्गों की सेवा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए प्रस्ताव पारित किया।

# मणिपुर में हिंसा बढ़ाने की अंतरराष्ट्रीय साजिश का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, सुरक्षा बलों पर हुए हमलों में भी था शामिल




नईदिल्ली, 07 जून [एजेंसी]।

एनआईए ने गुरुवार को मणिपुर में हिंसा बढ़ाने और पूर्वोत्तर राज्य में आतंक फैलाने के लिए रची गई उग्रवादियों और आतंकवादी संगठनों की अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित एक मामले में इंफाल हवाई अड्डे से एक प्रमुख आरोपित को गिरफ्तार किया है। एनआइए ने बताया कि कुकी नेशनल फ्रंट-मिलिट्री काउंसिल के सदस्य थोंगमिनथांग हाओकिप उर्फ थांगबोई हाओकिप उर्फ रोजर को पिछले साल 19 जुलाई को एनआइए द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज किए गए मामले में गिरफ्तार किया गया है।

एनआईए की जांच के अनुसार, यह साजिश कुकी और जोमी विद्रोहियों ने रची थी और उन्हें पूर्वोत्तर राज्यों एवं पड़ोसी म्यांमार में स्थित आतंकवादी संगठनों का समर्थन प्राप्त था। इस साजिश का उद्देश्य क्षेत्र में मौजूदा जातीय अशांति का फायदा उठाना और हिंसक हमलों के जरिए भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ना था।बयान में कहा गया है कि आरोपित उग्रवाद और हिंसा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा बलों पर हुए हमलों में शामिल पाया गया। रोजर मणिपुर में अस्थिरता बढ़ाने और लोगों के मन में आतंक पैदा करने के लिए आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के लिए म्यांमार के उग्रवादी समूह कुकी नेशनल फ्रंट-बर्मा के संपर्क में था।

# भाजपा का डबल इंजन फेल हो गया, सचिन पायलट बोले- कांग्रेस ने कई राज्यों में बेहतर प्रदर्शन किया




जयपुर, 07 जून [एजेंसी]।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस और आइएनडीआइए ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भाजपा का डबल इंजन फेल कर दिया । कांग्रेस ने कई राज्यों में बेहतर प्रदर्शन किया है। पायलट ने गुरुवार को राजस्थान के टोंक में कहा कि जनता ने भाजपा और एनडीए के खिलाफ मतदान किया है। चार सौ पर का नारा देने वाली भाजपा 303 सीट भी नहीं ला सकी है । 240 पर सिमट गई। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व पीएम स्व.राजीव गांधी की तरह नैतिकता दिखाएं। 1984 में कांग्रेस की चार सौ से ज्यादा सीटें आई थीं। राजीव पीएम थे। 1989 में ये सीटें घटकर दो सौ रह गईं थीं, फिर भी सबसे ज्यादा सीटें कांग्रेस को मिली थीं। राष्ट्रपति ने कांग्रेस को सरकार बनाने के लिए कहा था, लेकिन राजीव ने जनादेश का सम्मान किया।राजीव ने राष्ट्रपति से कहा कि जनादेश कांग्रेस के खिलाफ है । ऐसे में आप अन्य को सरकार बनाने के लिए कहें। पूर्व सीएम अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत के चुनाव हारने पर पायलट ने कहा कि वे पिछली बार भी नहीं जीत पाए थे। अब और मेहनत करेंगे व अगली बार किसी अन्य सीट से जीतेंगे।

# पीड़ितों को मुआवजा देना सजा कम करने का आधार नहीं हो सकता गुजरात हाईकोर्ट के फैसले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

नईदिल्ली, 07 जून [एजेंसी]।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पीड़ित को हर्जाना देना सजा कम करने का आधार नहीं हो सकता। यदि सजा कम करने के लिए मुआवजे का भुगतान एक विकल्प बन जाता है, तो इसका आपराधिक न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। आपराधिक मामले में पीड़ित को मुआवजा देने का उद्देश्य उन लोगों को राहत पहुंचाना है, जिन्हें अपराध के कारण नुकसान उठाना पड़ा हो या चोट पहुंची हो। शीर्ष अदालत ने कहा, इसका नतीजा यह होगा कि जिन अपराधियों के पास बहुत सारा पैसा होगा, वे न्याय से बच जाएंगे। इससे आपराधिक कार्यवाही का मूल उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा। सीआरपीसी की धारा 357 न्यायालय को दोषसिद्धि का निर्णय सुनाते समय पीड़ितों को मुआवजा देने का अधिकार देती है। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, पीड़ित को मुआवजा देना अभियुक्त पर लगाए गए दंड को कम करने का आधार नहीं हो सकता है। सीआरपीसी की धारा 357 का उद्देश्य पीड़ित को आश्वस्त करना है कि उन्हें आपराधिक न्याय प्रणाली में भुलाया नहीं गया है।

न्यायालय ने यह टिप्पणी राजेंद्र भगवानजी उमरानिया नामक एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की। याचिका में गुजरात हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें एक आपराधिक मामले में दो व्यक्तियों की पांच साल की सजा को घटाकर चार साल कर दिया गया था।हाई कोर्ट ने यह भी कहा था कि यदि दोषी पीड़ित को 2.50 लाख रुपये का भुगतान कर दें तो उन्हें चार साल की सजा भी नहीं काटनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि घटना को 12 वर्ष बीत चुके हैं और दोषियों ने पहले ही पांच लाख रुपये जमा कर दिए हैं। पीठ ने कहा, हम उन्हें चार वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश देने के पक्ष में नहीं हैं।

# गर्मियों में परफ्यूम की महक को पूरे दिन बरकरार रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स

भारत के उत्तरी राज्यों में इन दिनों तापमान 45-50 डिग्री का आंकड़ा पार कर रहा है। इस भीषण गर्मी से सभी का हाल बेहाल है।धूप और लू के चलते शरीर में अधिक पसीना आता है, जिसके कारण दुर्गंध आने लगती है। इस मौसम में सबसे बढ़िया गुणवत्ता वाले परफ्यूम भी ज्यादा देर टिक नहीं पा रहे हैं।ऐसे में हम आपके साथ 5 टिप्स साझा करेंगे, जिनकी मदद से आप परफ्यूम की महक को देर तक बरकरार रख पाएंगे।

**अपनी त्वचा को करें मॉइस्चराइज**

त्वचा को मॉइस्चराइज करना केवल त्वचा की देखभाल के लिए ही नहीं, बल्कि परफ्यूम की महक को देर तक टिकाने के लिए भी कारगर हो सकता है।आप गर्मियों में परफ्यूम लगाने से पहले अपनी त्वचा पर परत बनाने के लिए जेल आधारित मॉइस्चराइजर का उपयोग कर सकते हैं। जब आप परफ्यूम को हाइड्रेटेड त्वचा पर लगाते हैं, तो उसकी महक ज्यादा देर तक टिकती है।जानिए गर्मी के दौरान तैलीय त्वचा को मॉइस्चराइज करने के फायदे।

**पल्स पॉइंट्स पर लगाएं परफ्यूम**

हमारे शरीर में कुछ ऐसे पल्स पॉइंट होते हैं, जिन पर लोग परफ्यूम लगाने की सलाह देते हैं। ये पल्स पॉइंट्स गर्दन, कान के पीछे, कलाई और भीतरी कोहनियां होती हैं।कई लोग परफ्यूम लगाने से पहले उनकी महक को भीना बनाने के लिए उसे अपनी कलाइयों पर रगड़ते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे



खुशबू के अणु तेजी से टूटते हैं।घर से बाहर निकलने से पहले अच्छी तरह प्रेशर पॉइंट्स पर परफ्यूम जरूर लगाएं।

**परफ्यूम की बोतल को ठीक से करें स्टोर**

हमारे कमरे का तापमान बाहरी मौसम की स्थिति के आधार पर बदलता रहता है। यह बदलता तापमान और धूप परफ्यूम के लिए अच्छे नहीं होते। इसलिए, परफ्यूम की बोतलों को ऐसी जगह पर रखना चाहिए, जहां का तापमान स्थिर रहे।आप परफ्यूम को अपनी ड्रेसिंग टेबल पर रखने के बजाए अपनी अलमारी में रख सकते हैं। साथ ही इसे ठंडी और अंधेरी जगह पर रखना चाहिए।जानिए परफ्यूम, बॉडी मिस्ट, डियोड्रेंट और बॉडी स्प्रे के बीच का अंतर।

**अपने शरीर के मुताबिक चुनें खुशबू**

हर किसी के शरीर का प्रकार अलग होता है और वे विभिन्न प्रकार के परफ्यूम पर अलग प्रतिक्रिया देते हैं। ऐसे में आप समझने की कोशिश करें की आपका शरीर विभिन्न प्रकार की सुगंधों पर कैसे प्रतिक्रिया देता है।आप अपने शरीर की सुगंध के प्रकार को समझने के लिए परफ्यूम परीक्षण कर सकते हैं। रूखी त्वचा पर तीव्र और स्पाइसी नोट्स वाली सुगंध अच्छी लगती है।साथ ही तैलीय त्वचा वाले लोगों को फलों वाले परफ्यूम लगाने चाहिए।

**परफ्यूम को अच्छी तरह करें लेयर**

आपको अपने परफ्यूम को अच्छी तरह से शरीर पर लेयर करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होता है की शरीर के सभी अंगों से समान सुगंध आए। अपने बालों में कंघी करने से पहले अपने हेयर ब्रश पर भी परफ्यूम को हल्के से स्प्रे करें।

## विक्रांत मैसी की ब्लैकआउट का गाना क्या हुआ जारी विशाल मिश्रा ने दी आवाज

एक्टर विक्रांत मैसी अपकमिंग कॉमेडी-थ्रिलर फिल्म ब्लैकआउट को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म से क्या हुआ नामक एक सॉन्ग जारी किया। 2 मिनट, 39 सेकंड के इस गाने में विक्रांत काफी परेशान और गुस्से में नजर आ रहे हैं। वह गोलियां चला रहे हैं। वहीं गाने में सुनील ग्रोवर, मौनी रॉय और अनंत जोशी भी दिखाई दिए।

सोशल मीडिया पर गाना शेयर करते हुए विक्रांत ने कैप्शन में लिखा, फिल्म का नया हिट गाना क्या हुआ रिलीज हो गया है...क्या आपने इसे सुना... गाने के बोल और इसमें आवाज विशाल मिश्रा ने दी है। सिंगर विशाल मिश्रा ने कहा- क्या हुआ एक शानदार ट्रैक है, यह ब्लैकआउट की कहानी को दिखाता है। मैंने म्यूजिक और लिरिक्स के जरिए किरदारों की जिंदगी में चल रही उथल-पुथल को जाहिर किया है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह गाना पसंद आएगा और वह इससे वैसा ही



जुड़ाव महसूस करेंगे, जैसा हमने इसे बनाते समय महसूस किया था। फिल्म में विक्रांत एक क्राइम रिपोर्टर की भूमिका में हैं। हाईवे पर वह कार एक्सीडेंट का शिकार हो जाते हैं। जब वह सामने वाले का हाल-चाल लेने के लिए जाते हैं, जिससे उनकी कार टकराई थी, तो वहां देखते हैं कि उसमें काफी कैश और सोना पड़ा हुआ है। फिल्म का डायरेक्शन देवांग शशिन भावसार ने किया है।

## अजय देवगन की फिल्म मैदान ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

अजय देवगन की फिल्म मैदान को इसी साल ईद के खास मौके पर यानी 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।240 करोड़ रुपये की लागात में बनी इस फिल्म ने 51.39 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।अब मैदान ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी हैं।अगर आपने इस फिल्म को सिनेमाघर में नहीं देखा है तो अब घर बैठे देख सकते हैं। मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी। इस दौर को भारतीय फुटबॉल का स्वर्ण युग कहा जाता है।इस फिल्म में अजय के अलावा प्रियामणि, गजराज राव, बोमन ईरानी और रुद्रनील घोष जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में हैं।मैदान का निर्देशन अमित शर्मा ने किया है। बोनी कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं।



## नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी गई लापता लेडीज, डंकी से एनिमल तक को छोड़ा पीछे

इन दिनों लोग सिनेमाघरों से कहीं ज्यादा घर पर आराम फरमाते हुए फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि ओटीटी की मांग बढ़ती जा रही है। फिल्मों के अलावा लोग वेब सीरीज का भी पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।नेटफ्लिक्स पर हिंदी, तमिल, कोरियाई और अंग्रेजी जैसी तमाम भाषाओं का अलग-अलग कंटेंट देखने को मिलता है।इस साल नेटफ्लिक्स पर लापता लेडीज ने बाजी मार ली है। इसे 2024 में जनता का सबसे ज्यादा प्यार मिला है।

शुरुआत किरण राव की फिल्म लापता लेडीज से करते हैं, जिसका निर्माण आमिर खान ने किया। सिनेमाघरों में भले ही इसे दर्शक नसीब नहीं हुए, लेकिन ओटीटी पर आते ही फिल्म ने धमाका कर दिया।यह इस साल की अब तक नेटफ्लिक्स पर आईं सभी फिल्मों में पहले पायदान पर है, जिसे खबर लिखे जाने तक 1 करोड़ 70 लाख लोग देख चुके हैं।इस फिल्म ने साबित कर दिया है कि असल में कंटेंट ही किंग है। दूसरे स्थान पर जिसे ओटीटी पर सबसे ज्यादा प्यार मिला है, वो है अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान। इस फिल्म को अब तक 1 करोड़ 48 लाख व्यूज मिल चुके हैं। फिल्म में दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री ज्योतिका ने अजय की पत्नी का किरदार निभाया है।उधर करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन की तिकड़ी वाली फिल्म क्रू तीसरे पायदान पर है, जिसे 1 करोड़ 43 लाख लोगों ने देखा है।

ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर को लेकर खूब हो-हल्ला



मचा हुआ था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर इसने ऐसा कोई कमाल नहीं किया, लेकिन ओटीटी पर फिल्म को जनता भरपूर प्यार मिला। यही वजह है कि 1 करोड़ 40 लाख व्यूज के साथ नेटफ्लिक्स पर सब ज्यादा देखनी जाने वाली फिल्मों में फाइटर चौथे स्थान पर विराजमान है।उधर रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल को 1 करोड़ 36 लाख लोग देख चुके हैं। शाहरुख खान की डंकी ने भी इस साल दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया है। सिनेमाघरों में फिल्म को दर्शकों का प्यार मिला, लेकिन यह शाहरुख की पठान और जवान जैसी फिल्मों की तरह कमाई नहीं कर पाई। हालांकि, नेटफ्लिक्स पर डंकी को खूब प्यार मिला। इसे अब तक 1 करोड़ 8 लाख लोगों देख चुके हैं।

# किन लोगों को सुबह-सुबह नहीं पीना चाहिए नींबू पानी? क्यों मना करते हैं हेल्थ एक्सपर्ट

नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है जो सेहत के लिए हर लिहाज से फायदेमंद माना जाता है. गर्मियों में हर रोज लोग नींबू पानी पीना पसंद करते हैं. वजन घटाने से लेकर इम्युनिटी मजबूत करने तक नींबू पानी बेहद कारगर है. कई लोग ऐसे हैं जो वजन घटाने के लिए सुबह के वक्त खाली पेट गुनगुना पानी में नींबू डालकर पीते हैं. लेकिन सबसे जरूरी है कि यह सभी लोगों को सूट नहीं करती है.

कुछ लोगों को इसके फायदे की जगह नुकसान होने लगता है. साथ ही पेट से जुड़ी कई सारी समस्याएं भी होने लगती है. आइए विस्तार से जानें किन लोगों को खाली पेट नींबू पानी नहीं पीना चाहिए ?

नींबू किसे नहीं खाना चाहिए?

जिन लोगों को एसिडिटी की समस्या है. उन्हें नींबू नहीं खाना चाहिए. जिन लोगों को दांतों से जुड़ी सेंसिटिविटी की बीमारी है. उन्हें नींबू का इस्तेमाल ज्यादा नहीं करना चाहिए. अगर आपको किडनी की बीमारी है. तो नींबू कम खाएं. इसके अलावा, नींबू अधिक खाने से हड्डियों के लिए भी खतरनाक हो सकता है.

खाली पेट नींबू पानी पीने के नुकसान

एसिडिटी बढ़ती है



अगर आप खाली पेट नींबू-पानी पीते हैं तो एसिडिटी की समस्या बढ़ सकती है. ऐसे लोगों को खाली पेट नींबू पानी पीने से बचना चाहिए. नींबू में साइट्रिक एसिड अधिक होता है. जो एसिडिटी को बढ़ाता है. खासकर खाली पेट नींबू पानी पीने से एसिडिटी के मरीजों को नुकसान हो सकता है.

दांतों को नुकसान

जो लोग रोजाना नींबू पानी पीते हैं. उन्हें दांतों की समस्या हो सकती है. खाली पेट नींबू पानी पीने से सेहत पर बुरा असर पड़ता है. इसका मुख्य कारण नींबू में पाया जाने वाला एसिड है. इससे दांतों में संवेदनशीलता बढ़ती है. इससे दांतों की सुरक्षा करने वाला इनेमल भी कमजोर होता है.

हड्डियां कमजोर हो सकती हैं

जो लोग रोजाना बहुत ज्यादा नींबू-पानी पीते हैं, उन्हें फायदे से ज्यादा नुकसान होने की संभावना होती है. नींबू में एसिड होता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा नहीं होता. इसलिए खाली पेट नींबू पानी पीने से बचना चाहिए.

किडनी पर असर

जिन लोगों को किडनी की समस्या है, उन्हें खाली पेट नींबू पानी नहीं पीना चाहिए. इससे किडनी पर दबाव पड़ता है. जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं. क्रोनिक किडनी डिजीज में भी नींबू पानी नहीं पीना चाहिए.

## कल्कि 2898 एडी पर आया बड़ा अपडेट 10 जून को रिलीज होगा फिल्म का ट्रेलर

कल्कि 2898 एडी का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस



बहुप्रतीक्षित फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। हाल में ही इससे संबधित एक एनिमेटेड सीरीज लॉन्च की गई थी। अब निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर नई घोषणा की है। कल्कि 2898 एडी की चर्चा देशभर में जोरों शोरों से हो रही है। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसका देश भर में दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में साइंस-फिक्शन और भारतीय पौराणिक कथाओं का अद्भुत मिश्रण देखने को मिलने वाला है। फिल्म में कई बड़े कलाकार एक साथ नजर आएंगे। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अब इस फिल्म के ट्रेलर को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। यह अब तक की बनी सबसे महंगी भारतीय फिल्मों में से एक है। फिल्म पर 425 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। बीते कुछ दिनों फिल्म को लेकर लगातार नई खबरें सामने आ रही थीं। हर खबर के साथ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। अब इसके निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज डेट से पर्दा हटाया है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर जारी कर ट्रेलर के रिलीज डेट की घोषणा की है। जारी हुए नए पोस्टर के मुताबिक, फिल्म का ट्रेलर 10,जून को रिलीज किया जाएगा। बीते कुछ समय से फिल्म के निर्माता लगातार नए तरीकों से फिल्म की मार्केटिंग कर रहे हैं।

## शब्द सामर्थ्य -080


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 079 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | य | क | | खे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | दद्दू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |



## ईशान खट्टर के साथ काम करना चाहती हैं अनुष्का सेन

अनुष्का सेन का नाम टीवी जगत की उन अभिनेत्रियो की सूची मे शामिल है, जिन्होंने छोटी उम्र में इंडस्ट्री में खास मुकाम हासिल किया है।अनुष्का अभी 21 साल की हैं और वे टीवी शो से लेकर वेब सीरीज और फिल्मों तक में अपनी अदाकारी का तड़का लगा चुकी हैं।अब अनुष्का ने अभिनेता ईशान खट्टर के साथ काम करने की इच्छा जताई है। ईशान उनके पसंदीदा अभिनेता हैं।अनुष्का ने बताया कि उन्हें ईशान की अदाकारी बहुत पसंद है।

बातचीत में अनुष्का ने दिग्गज अभिनेता रणवीर सिंह की भी खूब तारीफ की।उन्होंने कहा, रणवीर सिंह की ऊर्जा बहुत अलग है। हे भगवान, क्या ऊर्जा है। मुझे बहुत अच्छा लगता है जब वह अपनी एनर्जी के साथ दिखाई देते हैं और मुझे वह सफेद कपड़ों में बहुत अच्छे लगे हैं। मुझे यह बहुत पसंद है। अनुष्का अब तक क्रेजी कुक्कड़ फैमिली, लिहाफ- द क्विल्ट और सम्मादिट्ठी जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अनुष्का ने साल 2009 में आया टीवी शो यहां मैं घर घर खेली के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। हालांकि, अनुष्का को पहचान बालवीर से मिली, जो साल 2012 में आया था।झांसी की रानी, अपना टाइम भी आएगा, देवों के देव...महादेव और इंटरनेट वाला लव जैसे टीवी शो में नजर आ चुकी हैं।अनुष्का रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 11 में भी दिखाई दी थीं।

## साड़ी में कयामत ढाती दिखीं अवनीत कौर, एक्ट्रेस के लेटेस्ट लुक ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया हेंडल पर पोस्ट करती हैं तो लोग अक्सर उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने एथनिक लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बोल्ड और हॉट लुक से फैंस को इस कदर कायल किया हुआ है कि लोग उनकी तस्वीरों पर से अपनी नजरें नहीं हटा पाते हैं।

एक्ट्रेस हर बार इंडियन और वेस्टर्न लुक में अपनी फोटोज शेयर कर के अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।

अवनीत कौर का फैशन स्टेटमेंट हमेशा से ही ऑन प्वॉइंट रहता है। उनका हर एक स्टाइल फैंस काफी ज्यादा फॉलो करते हैं।

हाल ही में हुए फोटोशूट में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अवनीत कौर पिंक कलर की बेहद ही सिंपल साड़ी पहने हुए नजर आ रही



हैं। इसके साथ ही उन्होंने रिवीलिंग ब्लाउज भी कैरी किया हुआ है।

कानों नें झुमकें, खुले बाल और सटल बेस मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। इन तस्वीरों पर भी एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- लुकिंग गॉर्जियस, फिर दूसरे यूजर ने लिखा सो हॉट एंड ग्लैमरस। वहीं तीसरे यूजर ने हार्ट इमोजी भेजते हुए कॉमेंट ब्यूटिफुल कॉमेंट किया है।

# अमृत सरोवरों के तट पर पौधारोपण के साथ मनाया गया पर्यावरण दिवस, संरक्षण का संकल्प

## 5 जून से 12 जून तक हरित ग्राम की संकल्पना के साथ आरंभ हुआ पौधारोपण अभियान

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** जल है तो कल है उसी तरह वन है तो जीवन है इसी संकल्पना के साथ कोरिया जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी अमृत सरोवरों के तट पर पौधरोपण किया गया। जिले के कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में अमृत सरोवरों के तट पर जन सहभागिता के साथ ग्रामीण जनप्रतिनिधियों और अधिकारी कर्मचारियों ने पौधरोपण अभियान की शुरुआत की।



इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि राज्य कार्यालय द्वारा इस वर्ष स्वच्छ हरित ग्राम की संकल्पना को लेकर स्वच्छता के साथ हरियाली को प्रोत्साहित करने संबंधी पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक विनय कुमार लंगेह ने इस तारतम्य में 5 जून से 12 जून तक कोरिया जिले के समस्त अमृत सरोवरों में अभियान चलाकर पौधारोपण कराए जाने के निर्देष जारी किए हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत और बैकुण्ठपुर के समस्त 54 अमृत सरोवरों के तट पर जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच और अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर फलदार पौधों का रोपण किया और उनकी सुरक्षा के साथ पर्यावरण बचाने के लिए संकल्प भी लिया। इस पौधारोपण कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी आगे बढ़कर हिस्सेदारी निभाई। साथ ही सभी अमृत सरोवरों के आस पास साफ सफाई करते हुए ग्रामीणों ने अपने सरोवरों की स्वच्छता और पौधों से संरक्षण और संवर्धन के लिए शपथ ली।

जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष ने बताया कि खेती व अन्य उपयोग के लिए निरंतर भूजल का दोहन हो रहा है इससे बचाव के लिए भूजल का रिचार्ज अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के अंतर्गत कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर भूजल को रिचार्ज करने के लिए सोक पिट निर्माण, कंटूर ट्रेंच जैसी जल संरक्षण करने वाली संरचनाओं को बनाने पर जोर दिया जा रहा है। ताकि आने वाले मानसूनी बारिश का ज्यादा से ज्यादा जल भूजल में परिवर्तित किया जा सके। उन्होने कहा कि इसके लिए सभी जनपद पंचायतों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर निर्मित भवनों के भी छतों में गिरने वाले बारिश के जल को भी भूमिगत जल में बदलने के लिए संरचनाएं बनाने के लिए ग्राम स्तर पर जनजागरूकता फैलाई जा रही है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिटटी की संरचना कड़ी हो रही है इसके लिए मृदा संरक्षण हेतु जैविक कचरे के सही निपटान और उससे बनने वाली वर्मी कंपोस्ट खाद के ज्यादा से ज्यादा उपयोग के लिए भी आम ग्रामीणों को किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होने आम जनों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक कोरिया वासी इस सप्ताह कम से कम एक फलदार पौधा लगाएं और उसे बचाकर वृक्ष बनाएं तो जल्द ही हम हरित कोरिया के संकल्प को पूरा कर सकेंगे। विदित हो कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत कोरिया जिले के सोनहत और बैकुण्ठपुर जनपद पंचायतों के अंतर्गत कुल 54 अमृत सरोवरों को निर्माण व संवर्धन किया गया है। जिसके तट पर पौधरोपण से हरित ग्राम अभियान प्रारंभ किया गया है। इन सरोवरों के निर्माण से जल संवर्धन और संरक्षण के साथ स्थानीय जनों को इसका कई तरह से लाभ प्राप्त हो रहा है।

## भाजपा की जीत, अंगुली काट कर चढ़ा दी मां को

**बलरामपुर।** ऐतिहासिक, पुरातात्विक तथा धार्मिक महत्व से जुड़े बलरामपुर जिले के ग्राम डीपाडीह के युवा कृषक दुर्गेश पाण्डेय ने भाजपा की जीत के लिए बाएं हाथ की एक अंगुली (तर्जनी) को आधा काटकर देवी मंदिर में चढ़ा दिया। अत्यधिक रक्तस्राव के बावजूद बिना विचलित हुए वह अस्पताल भी पहुंचा।

उपचार के बाद अंगुली में तेजी से सुधार है। अंबिकापुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उसके अंगुली का परीक्षण किया है। सबसे बड़ी बात है कि युवा कृषक दुर्गेश पांडेय भाजपा से सीधे तौर पर नहीं जुड़े हैं और न ही भाजपा की सदस्यता ली है लेकिन सनातन की रक्षा के लिए वे भाजपा के विचार से प्रभावित हैं। दुर्गेश ने बताया कि चार जून को मतगणना होनी थी। उसके पहले तीन जून 2024 की शाम वे डीपाडीह के सामंत सरना अकेले ही गए थे। यहां पुरातात्विक महत्त्व की मूर्तियों के अलावा मां काली की भी प्रतिमा है। इस मंदिर से आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों की आस्था जुड़ी है। अंचल के लोगों की मान्यता है कि यहां हर मनोकामना पूर्ण होती है। भाजपा की जीत और तीसरी बार सरकार बनाने की कामना के साथ उन्होंने भी अपनी तर्जनी का आधा हिस्सा काट कर मंदिर में चढ़ा दिया।



## सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के समीप ग्राम सलका के चौदहा पेट्रोल पंप के नजदीक दो मोटरसाइकिल सवार आपस में टकरा गए टकराने से एक व्यक्ति को गंभीर चोटे आई और घटनास्थल पर बेहोश हो गया। ग्रामीणों के द्वारा108 एम्बुलेंस फोन किया गया 1 घंटे बाद बड़ी मुश्किल से एंबुलेंस पहुंच पाई तब तक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति सड़क पर बेहोश पड़ा था। उपस्थित ग्रामीणों ने घायल को जिला अस्पताल भेजने की तमाम प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली अस्पताल भेजने में लगभग 2 घंटे लग गए। ऐसे हादसों में आम आदमी ज्यादातर फसना नहीं जाता है वहां उपस्थित लोगों के द्वारा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी से संपर्क करना चाहा लेकिन थाना प्रभारी का सरकारी नंबर बंद बताया गंभीर हादसों में आम आदमी विशेष कर पुलिस प्रशासन को सहयोग की अपेक्षा को लेकर प्रयास करता है लेकिन जब सरकारी नंबर ही बंद रहे तो आम आदमी किससे सहयोग मांगे। जिले के पुलिस प्रशासन के मुखिया को इन बंद पड़े सरकारी नंबरों को रिचार्ज कर तत्काल चालू करने की जरूरत है। जिससे नागरिकों को होने वाली समस्याओं से निदान मिल सके। मामला चाहे जो भी हो लेकिन जिले में थाना प्रभारी के इन बंद नंबरों को ध्यान देने की विशेष जरूरत है।

## वट सावित्री व्रत पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना सुख समृद्धि और पति के लंबे उम्र की कामना की

**बैकुंठपुर।** पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने जिलेभर में वट सावित्री की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। इस दौरान सावित्री और सत्यवान की कथा का श्रवण किया। इसके बाद संकल्प के साथ वट वृक्ष की परिक्रमा कर कच्चा सूत वट वृक्ष में लपेटा। सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को फल मिठाई से बरगद पेड़ की पूजा की। सुबह से ही वट वृक्ष की समीप सुहागिनों की पूजा-अर्चना के लिए भीड़ लगी रही।



सुबह से ही बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर प्रेमाबाग, कचहरीपारा, महलपारा तिराहा, ओड़गी नाका व अन्य क्षेत्रों में वट वृक्ष की पूजा की। साथ ही वृक्ष की परिक्रमा करते हुए रोली बांधी। महिलाओं ने वट सावित्री की कथा भी पढ़ी व सुनाई। नगर पालिका बैकुंठपुर ने क्षेत्रभर के वट वृक्षों के नीचे चबूतरों की सफाई एक दिन पहले ही कराई थी। पूजा के लिए सुबह 8 बजे से ही यहां महिलाओं की भीड़ एकत्र होने लगी। वट वृक्ष को धागा से बांधकर, उस पर फल, फूल, मिठाई आदि अर्पित किए गए। महिलाओं ने पूरे दिन व्रत भी रखा। पूजा करने पहुंचीं महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री की कथा महाभारत में वर्णित है। इस कथा के अनुसार, सावित्री ने अपने पति सत्यवान की मृत्यु के बाद यमराज से उनका जीवन वापस मांग लिया था। महिलाओं ने कहा कि वट सावित्री व्रत करने से पति की आयु बढ़ती है और सुहाग अखंड रहता है। यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम और स्नेह का प्रतीक भी माना जाता है। वट सावित्री पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को एक दूसरे से जोड़ने का माध्यम है। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत करने से पति की आयु बढ़ती है और सुहाग अखंड रहता है। यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम और स्नेह का प्रतीक भी माना जाता है। वट सावित्री पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को एक दूसरे से जोड़ने का माध्यम है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न





**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में सोनहत स्थित हजरत बाबा भोलन शाह वली र.आ. के मजार पर पारम्परिक तरीके से उर्स शरीफ मनाने के सम्बंध में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम सोनहत स्थित हजरत बाबा भोलन शाह वली र.आ. के मजार पर पारम्परिक तरीके से उर्स शरीफ का आयोजन होना है, जिसमें 9 जून को चादर एवं 10 व 11 जून को कव्वाली का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक में विस्तार से चर्चा कर कई निर्णय लिए गए। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि सोनहत में आयोजित होने वाले सालाना उर्स सबका कार्यक्रम है, सभी शामिल हो, आपसी भाईचारा, साम्प्रदायिक सौहार्द्र व शांतिपूर्ण आयोजन हो। कार्यक्रम अच्छे संदेश के साथ संपन्न हो।

श्री लंगेह ने कहा कि भीषण गर्मी, उमस व बदलते मौसम को देखते हुए पानी की पर्याप्त उपलब्धता, साफ- सफाई, शौचालय व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त बिजली व्यवस्था करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं। श्री लंगेह ने कहा है कि कार्यक्रम में किसी भी तरह हुड़दंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ आसामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर पुलिस की टीम रहेगी, अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि कमेटी द्वारा अधिक संख्या में वालंटियर्स रखें व पहचान के लिए उन्हें पहचान पत्र दें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल में लोगों की बड़ी तादाद में उपस्थिति को देखते हुए यातायात, पार्किंग की समुचित व्यवस्था के लिए एसडीएम, डीएसपी व उर्स कमेटी के समन्वय से समाधान करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम में बेहतरी का अवसर रहता ही है। इस कार्यक्रम को भी बेहतर बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगी। कलेक्टर श्री लंगेह व एसपी श्री परिहार ने आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए सभी को शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद शब्बीर ने ने बताया कि सालाना उर्स का कार्यक्रम 9 जून से शुरू होगा। इस दिन शाम 7 बजे से चादर, संदल पोशी के लिए जुलूस निकाली जाएगी । 10 एवं 11 जून को कव्वाली का कार्यक्रम होगा मशहूर कव्वालों के बीच मुकाबला होगा। बैठक में अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर,बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, सोनहत एसडीएम राकेश कुमार साहू सहित प्रदीप गुप्ता, कृष्ण बिहारी जायसवाल, शैलेष शिवहरे, फिरदौस अहमद, अनुराग दुबे, मोइन खान, विमल कांत जायसवाल, सुभाष साहू, विजय सोनी, पंकज यादव, रमेश राजवाड़े, घनश्याम साहू, महेन्द्र बेद सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सुंदरगंज में मां की हत्या करने वाले कपूत को गिरफ्तार किया पुलिस ने



**सूरजपुर।** ग्राम सुन्दरगंज चौकी लटोरी निवासी सुनील कुमार ने अपनी मॉ शांती को घरेलू बात को लेकर लोहे के एंगल पाईप से सिर में मार दिया था जिसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज अम्बिकापुर में भर्ती कराया था जो उपचार के दौरान 03.06.24 को उसकी मृत्यु हो गई। मामले की मर्ग डायरी प्राप्त होने एवं आरोपी सुनील के द्वारा मारपीट करने से आई चोट से इलाज के दौरान मृत्यु होना पाए जाने पर अपराध क्रमांक 129/24 धारा 302 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में चौकी लटोरी पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर आरोपी सुनील कुमार पिता फतकू राम उम्र 22 वर्ष निवासी सुंदरगंज को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि घटना के दिन पिता के द्वारा बाहर से घुम कर आए हो कहने पर मॉ के द्वारा भी इसी बात को कहा गया जिस कारण आवेश में आकर वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का एंगल पाईप जप्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी अरविन्द प्रसाद, प्रधान आरक्षक विशाल मिश्रा, सुशील मिश्रा, आरक्षक अम्बिका मरावी, कैलू राजवाड़े व मनोज सिदार सक्रिय रहे।

## स्वास्थ्य विभाग का अमला अलर्ट रहें

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने मानसून के दौरान संभावित बीमारियों की रोकथाम के लिए अधिकारियों को राजधानी से लेकर ग्राम पंचायत तक लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने हैंडपंप, नलकूप, एवं जल स्त्रोतों की मरम्मत, साफ-सफाई और क्लोरिनेशन कराने के भी निर्देश दिए हैं।

## अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने तथा अश्लील वीडियो बनाकर भयादोहन करने के आरोप पर पुलिस ने संजू लकड़ा नामक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक मोटरसाइकिल तथा मोबाइल भी जब्त किया गया है। आरोपित के विरुद्ध पीड़िता के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपित संजू लकड़ा पर आरोप है कि उसने नाबालिग को शादी करने का झांसा दिया था। पीड़िता को पसंद करने की बात बोलकर 14 फरवरी 2022 को अपने घर ले गया था। इस दौरान उसने नाबालिग से दुष्कर्म किया।इस दौरान आरोपित द्वारा पीड़िता का अश्लील विडिओ बना लिया गया था। आरोपित द्वारा लगातार उसके साथ शारीरिक संबन्ध स्थापित किया गया। नाबालिग ने जब इसका विरोध शुरू किया तो वहअश्लील विडियो प्रसारित करने की धमकी देने लगा। बीते 22 मई 2024 को उसने पीड़िता से दुष्कर्म किया। आरोपित की हरकतों से तंग आकर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस टीम द्वारा संजू लकड़ा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उससे घटना के संबंध में पूछताछ की। उसके कब्जे से मोबाइल तथा मोटरसाइकिल बरामद किया गया।दुष्कर्म ,भयादोहन तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## मानसून के आने का संकेत: दोपहर बाद लगातार बदल रहा मौसम

**अंबिकापुर।** मौसम में यदि कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो इस बार छत्तीसगढ़ के अधिकांश क्षेत्रों में समय से पूर्व मानसून दस्तक दे सकता है। मानसून की फिलहाल गतिविधि दक्षिण छत्तीसगढ़ के आसपास बनी हुई है। संभावना है कि दो तीन दिन में मानसून बस्तर संभाग में सक्रिय हो जाएगा। इसी तरह उत्तरी छत्तीसगढ़ यानी सरगुजा संभाग इलाके में निर्धारित तिथि से पहले 12 से 15 जून के आसपास प्रभावी होने की संभावना है। उत्तरी छत्तीसगढ़ में मानसून के 15 जून के आसपास सक्रिय होता है लेकिन इस बार समय से पूर्व आने की संभावना मौसम विज्ञानी जता रहे हैं। इसके पूर्व मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। प्री मानसून गतिविधि आरंभ हो गई है। बुधवार को सरगुजा जिले के कई हिस्सों में हल्की वर्षा हुई। इसके चलते गुरूवार को अंबिकापुर का अधिकतम तापमान दो डिग्री नीचे गिरकर 38 2 डिग्री पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार अगले दो तीन दिनों में मानसून के छत्तीसगढ़ के दक्षिणी भाग में प्रवेश करने की संभावना है। सरगुजा जिले में मानसून के पूर्व मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। आठ जून के बाद इलाके में प्री मानसून वर्षा शुरू होने की संभावना है। स्थिति अनुकूल रही तो सरगुजा जिले में 12 जून के आसपास मानसून प्रवेश कर सकता है। पिछले वर्ष शक्तिशाली चक्रवाती तूफान के कारण मानसून प्रभावी नहीं हो पाया था। तूफान के कारण मानसून आगे नहीं बढ़ पाया और बाद में यह कमजोर पड़ गया। इसके कारण पिछले वर्ष जून माह को छोड़ जुलाई में काफी कम वर्षा हुई। हालांकि बाद के महीने में अच्छी वर्षा हुई लेकिन समय पर बारिश नहीं होने से धान की खेती प्रभावित हुई थी।



## गर्मी और ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री हो रहे बीमार

**रायपुर।** गर्मी के मौसम में ट्रेन से यात्रा करना यात्रियों के लिए महंगा होता जा रहा है, क्योंकि लंबी दूरी की ज्यादातर ट्रेनें पांच से दस घंटे की देरी से आ और प्रस्थान कर रही हैं। आजाद हिंद एक्सप्रेस अधिकतम 20 से 25 घंटे की देरी से आ और जा रही है। यह सिलसिला पिछले कई दिनों से चल रहा है। जिसके कारण सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्री गर्मी से बीमार हो रहे हैं. स्टेशन पर हर दिन कोई न कोई यात्री बीमार हो रहा है. स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में काफी भीड़ है. हालात ऐसे हैं कि प्लेटफॉर्म पर खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा है. गर्मी की छुट्टियों के चलते सभी एक्सप्रेस ट्रेनें खचाखच भरी चल रही हैं। देर होने के कारण लोगों को दोपहर से देर रात तक वेटिंग हॉल या प्लेटफार्म पर सोना पड़ता है। परिवार के साथ आए लोगों में सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है।

## आरईएस एसबीओ और इंजीनियर से मारपीट, ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

**राजपुर।** बलरामपुर जिले के राजपुर जनपद पंचायत कार्यालय में गुरुवार की शाम एक ठेकेदार ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के एसडीओ और उप अभियंता को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। कार्यालय में ठेकेदार की गुंडागर्दी से कर्मचारी दहशत में आ गए। ठेकेदार ने कार्यालय में तोड़फोड़ भी की।अफरातफरी के बीच कर्मचारियों ने हिम्मत दिखाई और मारपीट कर रहे ठेकेदार को पकड़ लिया। सूचना पर राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची। ठेकेदार को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है इधर घटना के विरोध में राजपुर जनपद पंचायत के अधिकारी- कर्मचारियों ने थाने पहुंचकर ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।इस पूरे घटनाक्रम से राजपुर जनपद कार्यालय से लेकर थाना परिसर तक गहमागहमी की स्थिति बनी रही। मारपीट का कारण तो सामने नहीं आया है लेकिन बिल भुगतान को लेकर विवाद की संभावना जताई जा रही है।



राजपुर जनपद कार्यालय में गुरुवार को विभागीय समीक्षा बैठक के बाद शाम चार बजे सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने कुर्सी पर लौट आए थे। शासकीय काम का चल रहा था।इस दौरान बलरामपुर का ठेकेदार राजेश सिंह केन फाइबर स्टिक लेकर जनपद कार्यालय में प्रवेश कर गया । भय का माहौल निर्मित करते हुए गाली गलौज कर उसने सबसे पहले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के एसडीओ धर्मेंद्र गुप्ता को केन फाइबर स्टिक से पीटना शुरू किया। इसके पहले की कर्मचारियों को कुछ समझ में आता ठेकेदार ने एसडीओ को दौड़ा-दौड़ा कर मारना शुरू कर दिया। एसडीओ की पिटाई करने के बाद ठेकेदार ने उप अभियंता सुनील टोप्पो को भी पीटा। मारपीट से पहले उसने कार्यालय में दहशत का माहौल बनाने के लिए तोड़फोड़ भी की। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ठेकेदार ने अधिकारी, कर्मचारियों के साथ कार्यालय की गरिमा को तक पर रखते हुए खुलेआम गुंडागर्दी की। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के एसडीओ और उप अभियंता को उसने इतना पीटा की केन फाइबर स्टिक दो टुकड़ा हो गया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में अफरातफरी मच गई थी । इसके बाद कर्मचारियों ने हिम्मत दिखाई। कर्मचारियों ने मारपीट करने वाले ठेकेदार को पकड़ लिया। घटना की सूचना पर राजपुर पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची। ठेकेदार को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। घटना के विरोध में नाराज कर्मचारियों ने कार्यालय में कामकाज बंद कर दिया। सभी कर्मचारी सीधे राजपुर थाना पहुंच गए। जनपद कार्यालय में ठेकेदार द्वारा दो अधिकारियों से मारपीट की सूचना पर एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर, तहसीलदार राजपुर यशवंत कुमार भी थाना पहुंच गए। कर्मचारियों की मांग ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई करने की थी।पुलिस की ओर से कार्रवाई में विलंब होता देख कर्मचारियों ने जमकर नाराजगी भी जताई। इधर लघु वनोपज संघ के जिला अध्यक्ष लालसाय मिंज, सुरेश सोनी,नीरज तिवारी ने थाना के सामने पहुंच कर थाना प्रभारी को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया । इनका आरोप था कि ठेकेदार ने सीधे-सीधे कार्यालय में घुसकर गुंडागर्दी की है। शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के साथ मारपीट जैसा कृत्य किया है इसके बाद भी पुलिस कार्रवाई में देरी कर रही है। उप अभियंता सुनील टोप्पो ने कहा कि मैं ठेकेदार के ही मूल्यांकन को सुधार कर रहा था। उसी बीच गाली देते हुए कैन स्टिक से मारपीट की गई है। महिला कर्मचारियों ने बताया कि घटना को देखकर हम सभी महिलाएं काफी डरी हुई हैं। आज एसडीओ और इंजीनियर के साथ हुआ है कल हमारे साथ भी हो सकता है।ठेकेदार के ऊपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। राजपुर के किसी शासकीय कार्यालय में घुसकर अधिकारियों के साथ मारपीट की सँभवत: यह पहली घटना है। इस घटना की कर्मचारियों ने कड़ी निंदा की है। इसके पहले ऐसी घटना राजपुर के किसी शासकीय कार्यालय में नहीं हुई थी । इस घटना ने अधिकारी, कर्मचारियों के मनोबल को तोड़ने का काम किया है। घटना से एसडीओ व उप अभियंता आहत है। एसडीओ की एक तस्वीर भी सामने आई है जिसमें वे खुद को संभालते दिख रहे हैं।

# रेल अंडरब्रिज के लिए तैयारी तेज, सरकारी जमीन से प्रशासन हटाएगा अवैध कब्जा

### सिंचाई विभाग ने जमीन से हटने के लिए दिया नोटिस

**कोरबा।** औद्योगिक नगर कोरबा में बनने जा रहे पहले रेल अंडरब्रिज को लकर अब कदम बढ़ाए जा रहे हैं। कुछ महीने पहले ही इसके लिए योजना को फाइनल किया गया। संजय नगर रेलवे क्रासिंग क्षेत्र में 200 मीटर की लंबाई में बनने वाले अंडरब्रिज को लेकर तैयारियों को बढ़ाया जा रहा है। मौके पर सिंचाई विभाग की जमीन से सभी तरह के अवैध कब्जों को हटाने की तैयारी है। इसके लिए सिंचाई विभाग ने संबंधितों को नोटिस जारी कर दिया है। सात दिन में इस काम को करने के निर्देश हैं।

रेलवे और राज्य सरकार ने 50-50 प्रतिशत की लागत वहन करने के सिद्धांत पर संजय नगर रेलवे क्रासिंग में रेल अंडरब्रिज बनाने के प्रस्ताव को मंजूर किया है। इस क्रासिंग को प्रतिदिन 20 से अधिक बार बंद करने की नौबत आती है। यात्री गाड़ियों और मालगाड़ियों के चलते हर 15 से 20 मिनट में रेलवे क्रासिंग बंद



होती है। इस चक्कर में ट्रांसपोर्टनगर, स्टेशन रोड और कोरबा शहर के दो क्षेत्र की तरफ जाने वाले लोगों को जमकर परेशान होना पड़ता है। लंबे समय से यह समस्या बनी हुई है। इसके समाधान के लिए लगातार हुई पहल के बाद अब इसका समाधान का रास्ता खोजा गया है। रेल अंडरब्रिज का निर्माण इसी की एक प्रक्रिया है। छत्तीसगढ़ सेतु निगम को इस काम के लिए एजेंसी बनाया गया है जो मौके पर रेल अंडरब्रिज तैयार करेगा। खबर के मुताबिक अंडरब्रिज की संपूर्ण लंबाई लगभग 200 मीटर है। इसका एक सिरा नहर पुल पीएच रोड की तरफ होगा तो दूसरा सिरा स्टेशन रोड की ओर। खबर के अनुसार दोनों तरफ दायीं दिशा में अवैध कब्जों की संख्या ज्यादा है। इनमें अहाता, गुमटी, मकान और दुकान आदि शामिल हैं। हसदेव बरॉज जल प्रबंध उपसंभाग दर्री/कोरबा ने संबंधित क्षेत्र का सर्वे कराने और भौगोलिक स्थिति के आधार पर इस मामले में आसपास के उन सभी लोगों को नोटिस थमा दिया है जो उसकी जमीन पर अवैध रूप से काबिज हैं। 5 जून को यह आदेश सर्कुलेट किया गया है और सभी कब्जाधारियों को व्यक्तिगत पहुंचाया गया है। इसके विषय में कहा गया हैं कि हसदेव बांयी तट से अतिक्रमण और अवैध कब्जा हटाया जाना है। संबंधित क्षेत्र की जमीन सिंचाई विभाग की है। हसदेव बांयी तट नहर आरडी-9526 से 1000 मीटर के मध्य नहर के किनारे, शेष बची जमीन पर उनके द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है जो अवैधानिक है। इस पत्र के मिलने के साथ वे विभागीय भूमि को खाली कर दें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### *जमीन सिंचाई विभाग की*

*सुनालिया नहर पुल के आगे से संजय नगर तक का क्षेत्र रेल अंडरब्रिज के दायरे में आ रहा है। यहां की जमीन सिंचाई विभाग की है। इसके बड़े हिस्से में लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। रेल अंडरब्रिज के निर्माण के लिए जमीन खाली कराने नोटिस दिया गया है।*

***-एस.एन.साय, एसडीओ हसदेव जल प्रबंध संभाग***

# बासिनखार के पास अवैध मवेशियों को छोड़ भागे, चालक ने उगले राज

### युवाओं ने वाहन को पकड़ा पुलिस से कार्रवाई की मांग

**कोरबा।** मवेशियों की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कटघोरा के छुरी इलाके से संबंधित एक ऐसे ही मामले में गौ संरक्षक कमेटी के द्वारा प्रदर्शन करने के बाद प्रशासन ने एक पशु चिकित्सक के विरूद्ध एक्शन लिया है। इधर पिछली रात बासिनखार इलाके में मवेशियों को अवैध रूप से वाहन में ले जाने वाले लोग भाग निकले। कुछ युवकों ने वाहन को रूकवाने के साथ चालक से पूछताछ की, जिस पर कई चीजें सामने आई। इस मामले में रजगामार पुलिस को अवगत कराने के साथ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

जानकारी के अनुसार वाहन संख्या सीजी-10बीजी-8056 के माध्यम से अनेक मवेशियों को भूखे-प्यासे लोड कर अन्यत्र ले जाया जा रहा था। इनकी चोरी की गई या इन्हें तस्करी कर बाहर ले जाने की योजना थी, इसका पता नहीं चल सका है। बालकोनगर निवासी हेमंत साहू ने बताया कि 6 जून की रात्रि 10 बजे वह अपने दोस्त नवीन सोनी, विनय पारेकर, राहुल राठौर, मुकेश यादव के साथ बाइक से केसला -बासिनखार होते हुए बालकोनगर जा रहे थे। ग्राम बासिनखार में उपरोक्त वाहन तेज रफ्तार से जा रहा था जिसमें भैंस लोड थे। मवेशियों को अवैध रूप से ले जाने की शंका पर युवकों ने वाहन को रूकवाया। वाहन में सवार कुछ लोग उतरकर भाग गए। वाहन चालक मनीष पटेल ने बताया कि उसके साथ कृष यादव, दशरथ यादव, दिलीप यादव थे जो बालकोनगर के दैहानपारा के निवासी है। पूछताछ के दौरान बासिनखार के



ग्रामीणों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान वाहन के पिछले हिस्से में मवेशी मिले जो काफी कमजोर स्थिति में थे। इन मवेशियों को खरीदने और रात्रि में इस तरह से ले जाने को लेकर पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब चालक नहीं दे सका। उसने ऐसे किसी कागजात से भी इंकार किया। रजगामार पुलिस और डॉयल 112 को सूचना देने के बाद टीम मौके पर पहुंची। इस मामले में संबंधितों पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है। ध्यान रहे जिले में पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के कुछ इलाकों से पशु तस्करी करने की सूचनाएं लंबे समय से आ रही है जिनमें झारखंड का गिरोह सक्रिय है।

### तोड़फोड़ के विरोध में होगा प्रदर्शन

**कोरबा।** अमर गुफा में जैतखंभ व गेट में तोड़फोड़ किए जाने का जमकर विरोध किया जा रहा है। सामने में सतनामी समाज के द्वारा 10 जून को बलौदा बाजार में प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारी की जा रही है। इस आंदोलन में कोरबा के कार्यकर्ता भी शामिल होगे। इसके पहले गिरौध पुरी में समाज के द्वारा प्रदर्शन किया गया था। इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को आरोपी बनाया है। लेकिन इससे वे सतुष्ट नही है समाज के लोग 10 जून को प्रदर्शन करेगें। इस प्रदर्शरन की तैयारी नारायण कुर्रे, लखन लहरे, गैस राम मिरी, रामगोपाल कुर्रे, विनोद डहरिया, सतेन्द्र डहरिया द्वारा की जा रही है। इस संबंध में डा. जय कुमार लहरे ने बताया कि कोरबा जिले कार्यकर्ता जाने की तैयारी कर रहे है। जगह जगह बैठक ली जा रही है।

# चोर और गांजा तस्करों को दबोचा पुलिस ने

**कोरबा।** दर्री क्षेत्र में चोरी से संबंधित मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं कोरबा में सीएसईबी पुलिस के द्वारा गांजा तस्करी से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गई है।

दर्री थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि विवेक सिंह के मकान में 19 अप्रैल को अज्ञात चोर ने लैपटॉप, कैमरा और मोबाइल की चोरी कर ली। इसी तरह 24 मई को राजाराम पांडेय निवासी 1090 एचटीपीएस कालोनी में एनटीपीसी गेट स्थित मंदिर का ताला तोड़



मंदिर में रखे तीन दानपेटी की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही थी। 6 जून को मुखबिर से पता चला कि एक व्यक्ति लैपटॉप बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। कृष्णा मरकाम से पूछताछ करने पर उसने दोनों जगह चोरी करने की बात स्वीकार की। चोरी किये गए सामान को छिपाकर वह कुछ दिन मामा के घर चला गया। उसके कब्जे से लैपटॉप, कैमरा, मोबाइल व नगदी रकम जब्त किया गया है।

इधर सीएसईबी पुलिस ने मोटर साइकिल व स्कूटी सहित गांजा के चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें धरमू चंद्रा और अरूण चंद्रा दोनों जैजैपुर निवासी, अभय सिंह मोतीसागरपारा व अमर परदेशी गेवरा बस्ती को 5 किलो 19 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### उर्वरक के उठाव में सक्रियता

कोरबा। खरीफ सीजन की फसल की बुआई के लिए मानसून की प्रतीक्षा की जा रही है। इससे पहले कृषक समुदाय अपनी जरूरत के लिए उर्वरक के उठाव में आगे आया है। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के सेवा सहकारी समितियों के जरिए वितरण शुरू कराया है।

## गर्मी के तेवर बढ़ने के साथ ग्रामीण अंचल में पानी के लिए परेशानी

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करतला ब्लॉक के ग्राम पंचायत गेरांव में अधिकतर जल स्त्रोत सूख गए है। हैंडपंप से पानी नहीं निकल रहा है,जिससे ग्रामीणों को पीने के साथ ही निस्तार के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कोरबा में पड़ रही भीषण गर्मी ने पानी की समस्या को काफी बढ़ा दिया है,खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में,जहां जलस्त्रोत सूखने के साथ ही हैंडपंप और नलों से पानी निकलना बंद हो गया है। 40 डिग्री के तापमान के बीच सही ढंग से पानी नहीं मिलने के कारण आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। करतला ब्लॉक के ग्राम पंचायत गेरांव का कुछ ऐसा ही हाल है जहां गांव में रहने वाली महिलाओं को पांच किमी का फासला तय कर पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है,कि हर साल उन्हें पानी की समस्या से दो चार होना पड़ता है लेकिन समस्याओं का समाधान करने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए पचांयत प्रतिनिधीयों के साथ ही प्रशासन को ध्यान देने की जरुरत है ताकी ग्रामीणों को इस तरह से परेशान ना होना पड़े।

### आचार संहिता शिथिल होने के साथ विभिन्न कार्यों से हटा ब्रेकर

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता शिथिल हो गई है। इसके अनुसार अब विभिन्न प्रकार के कामकाज तेज होंगे। इसके लिए प्रशासन ने संबंधितों को निर्देशित किया है। कोरबा संसदीय क्षेत्र में तीसरे चरण के अंतर्गत 07 मई को मतदान संपन्न हुआ। इससे 45 दिन पहले ही आचार संहिता प्रभावशील हो गई, तब से विभिन्न प्रकार के कामकाज ठप पड़े थे। अनेक कार्यों से संबंधित फाईलें हासियें पर थी। इस चक्कर में जन सामान्य से संबंधित कामकाज पर ब्रेक लगा हुआ था। चुनाव के नतीजे घोषित होने के साथ निर्वाचन आयोग ने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली। वहीं आचार संहिता शून्य कर दी गई। बताया गया किअब कोरबा जिले में सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े हुए कार्यों की गति तेज की जा रही है।

# सत्यापन की तारीख होगी तय

**कोरबा।** एसईसीएल संचालन समिति की बैठक 16 17 जून को संभावित है। इस बैठक में श्रमिक संगठनों के सदस्यों का सत्यपान के लिए तारिख तय किया जाएगा। हर वर्ष जुलाई माह में सत्यपान कार्य होता है इस बार भी तारिख तय कर सत्यपान कार्य किया जाएगा। गेवरा व दीपका में एचएमएस पिछले वर्ष आगे रहा है। कुसमुंडा में बीकेकेएमएस सबसे बड़ा संगठन है जबकि कोरबा एरिया में एसकेएमस सबसे आगे है। लेकिन कुछ ईकाईयों में एसईकेएमसी का प्रभाव है। इस बार भी यह सब संगठन अपने वर्चश्व को कायम रखने का प्रयास करेगें। जिसके लिए पहले से ही रणनीति बना ली गई है। गेवरा में रेशम लाल यादव अन्य संगठन में रिक्त पदों को भर रहे है। जबकि कोरबा एरिया में एसकेएमएस का सम्मेलन भी होने वाला है। एसईकेएमसी ने अब कोरबा पश्चिम क्षेत्र में अपना पूरा ध्यान लगा रखा है। इस क्षेत्र में रमेश परिहार, श्याम सुंदर सिंह, राजेश साहू, अजीत सिंह, अशोक सिंह, व उदेश्वर नायक सक्रिय कर दिया है। एसकेएमएस के अध्यक्ष धर्मा राव भी कोरबा पश्चिम क्षेत्र में एक रणनीति के तहत काम कर रहे है।

## बैठक में ठोस नतीजा नहीं निकला

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका परियोजना के संयुक्त मोर्चा ने प्रबंधन को कई मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा था। मांगो को लेकर एक बैठक भी हुई लेकिन इस बैठक में कोई नतीजा नही आया। संयुक्त मोर्चा के द्वारा उड़ रहे धूल पेयजल की समस्या और आवास निर्माण के मुददो को उठाया था। इस बैठक में गिरजा साहू ,तरूण रहा, शिव त्रिपाठी,रमेश गुरूदाह मौजुद थे। बैठक में ठोस नतीजा नही आने पर वार्ता का इंतजार किया जा रहा है। संयुक्त मोर्चा का मानना है कि आने वाले दिनों में समस्या का हल हो जाएगा। गेवरा में भी कल संयुक्त मोर्चा के द्वारा मांग पत्र सौंपा गया । जिसमें कोयला काम गारों को ओटी सहित कई मांग रखी गई है। मांग पत्र को रेशम यादव, दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव, प्रीतम राठौर सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा सौपा गया। मांग पत्र देने के बाद वार्ता का इंतजार किया जा रहा है।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चे कर रहे मौज, स्वीमिंग पूल में भीड़

**कोरबा।** नए शिक्षा सत्र की शुरुआत में 11 दिन बाकी रह गए हैं। ऐसे में बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश का भरपूर उपयोग करने को लेकर आमादा हैं। स्वीमिंग पूल, वेवपूल के साथ-साथ दूसरी जगहों पर उनका सैर-सपाटा जारी है। आसपास की गतिविधियों से उन्हें अवगत कराने पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

कोरबा में नगर निगम के तरणताल में बड़ों के लिए अलग सेक्शन बनाया गया है तो बच्चों के लिए अलग। इसी हिसाब से सुविधाएं विकसित की गई है ताकि संबंधित वर्ग इसका भरपूर लाभ ले सके। गर्मी के मौसम में कुशल तैराकों को बड़े क्षेत्र में



देखा जा रहा है जबकि बच्चे अपने लिए निर्धारित जगह का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसके जरिए उनके भीतर के डर को दूर करने तथा नया कुछ जानने की ललक भी पैदा की जा रही है।

# झोराघाट पर पुलिस की बराबर नजर, अलर्ट जारी

**कोरबा।** जिले के जाने-माने पिकनिक स्पॉट झोराघाट का माहौल संभ्रांत लोगों के लिए हर हाल में बेहतर रहे, इसके लिए पुलिस प्रयत्नशील है। पिछले रविवार के अनुभव के बाद उसने निगरानी तेज की है। इस बार भी रविवार को पुलिस अलर्ट रहेगी। अराजक तत्वों को सचेत किया गया है कि कुछ भी गड़बड़ किया तो खैर नहीं होगी।

कटघोरा टीआई धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे सभी स्थान जहां पर लोगों की पहुंच परिवार के साथ होती है और उनकी अलग पहचान है, उन्हें आदर्श बनाने के लिए काम किया जा रहा है। झोराघाट भी इसी में शामिल है। बीते हफ्ते वहां बड़ी संख्या में भीड़ पहुंच गई थी। उसमें शामिल कई लोग नशा करते मिले तो कई नशे की स्थिति में वाहन चलाते पकड़े गए। बहुत सारे लोगों ने नियम तोड़ने की कोशिश भी की। ऐसे सभी लोगों पर पुलिस



ने अलग-अलग धाराओं पर कार्रवाई की। ऐसे अराजक तत्वों को लेकर कोई ढिलाई करने के मूड में पुलिस बिल्कुल नहीं है। जहां कहीं भी ऐसी स्थिति पेश आएगी, संबंधितों से पूरी सख्ती के साथ पुलिस निपटेगी और कड़ा सबक सिखाएगी। टीआई ने कहा कि गर्मी के मौसम में कुछ घंटे की राहत के लिए लोग इस प्रकार के केंद्रों में स्वाभाविक रूप से पहुंचते हैं। इस दौरान संभ्रांत वर्ग को परेशानी में डालने वाले तत्वों को सबक सिखाना पुलिस का काम है। अगले रविवार को लेकर भी पुलिस सतर्क है। उसने अपने मुखबिरों को भी संबंधित क्षेत्र में सक्रिय किया है।

## वार्ता का इंतजार बिजली कर्मचारी संघ को

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व में बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा एक मांग पत्र प्रबंधन को सौपा था। अब चूंकि चुनाव आचार संहिता समाप्त हो गया है। इस लिए उन्हें वार्ता के लिए बुलाया जा सकता है। इस क्षेत्र के अजय मिश्रा, यशवंत राठौर, सुनीता जयसवाल के द्वारा बिजली कर्मचारियों की मांगो को उठाया गया था। यहां के बिजली कर्मचारी वार्ता का इंतजार कर रहे है। दूसरी ओर दर्री में भी केदार राठौर , हेतराम खुंटे के द्वारा कर्मचारियों की बैठक लेकर मांग पत्र बनाने की तैयारी की जा रही है।

# लाखों डकार कर कागज में दिखाया - ऐसे किया विकास

### ग्राम पंचायतों के कारनामे से लोग हैरान

**कोरबा।** ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से कई पंचायतें मालामाल हो रही हैं। जमीन पर काम किये बिना पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम घुंचापुर, सखोदा, लालपुर में सचिव और सरपंच ने ऐसा ही कारनामा किया। यहां निर्माणमूलक काम बताकर लाखों रुपए हजम कर दिए गए। अब लोग खोज रहे हैं कि इन इलाकों में कामकाज कहां हुआ।

कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक से संबंधित इस मामले में लोगों ने प्रशासन के पास शिकायत की। बताया गया कि पिछले 5 वर्षों से सरपंच, सचिव ने मिलकर संबंधित क्षेत्र में निर्माण कार्य नहीं किए हैं। घुंचापुर बस्ती में 2022-



2023 में नाली निर्माण होना था किन्तु खुदाई तक नहीं की गई और 8 लाख रुपए का आहरण कर लिया गया। खालपारा से लेकर अशरफ के घर तक सडक़ निर्माण की कागजी खानापूर्ति करते हुए 2,51,260 रुपए आहरण किया गया है। घुंचापुर स्कूल से मेन रोड तक सीसी रोड के लिए 1,59,160 रुपए निकाला गया। सार्वजनिक साफ-सफाई और शौचालय निर्माण के लिए 1 लाख रुपए आहरण किया लेकिन काम सिर्फ पन्नों में किया है। सरपंच की पत्नी इससे पहले सरपंच के पद पर पदस्थ थी। जांच होने पर करोड़ों रुपए का घोटाला उजागर होगा। ग्राम सखोदा में सीसी रोड निर्माण कार्य में लीपापोती की गई है। घटिया क्वालिटी के मिट्टी, गिट्टी, बालू,मुरूम और सीमेंट का मिश्रण कर सडक़ निर्माण कराया गया है। लगभग डेढ़ साल पहले किया गया सडक़ निर्माण पूरी तरह से जर्जर है। सीमेंट की मात्रा अत्यधिक कम होने के कारण गिट्टी और बालू निकलने से सडक़ टूट रही है। जगह-जगह पर गिट्टी और बालू सडक़ निर्माण के नाम पर डंप कर दी गई है। मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत घुंचापुर के ग्राम सखोदा सीसी रोड के अगल-बगल गिट्टी और बालू को फेंक दिया गया है, रिटर्निंग वॉल के कार्य में खानापूर्ति हुई है, जिसकी स्वीकृति राशि 19 लाख रुपए दर्शित है। रिटर्निंग वॉल पूरी तरह से जर्जर है। ग्राम सखोदा में पीने योग्य जल की किल्लत है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पीने का पानी 1 किलो मीटर दूर लेने जाना होता है। एक ही बोर को खुदवाने के नाम पर 4 बार मद की राशि का आहरण कर लगभग ढाई लाख रुपए डकार लिया गया।

### लापरवाही की तस्वीर

घुंचापुर पंचायत में कामकाज किस तरीके से चल रहा है इसका उदाहरण यहां देखने को मिला। पंचायत भवन के अंदर जन सामान्य की जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कोरबा कलेक्टर किरण कौशल हैं, यह बोर्ड में चस्पा है।

### भुगतान के अभाव में काम रूके

निर्माण संबंधी कई काम भुगतान के अभाव में रूके हैं। मूल्यांकन के बाद इन्हें पूरा किया जा सकेगा। पंचायत क्षेत्र में किसी भी काम को किये बिना धनराशि नहीं प्राप्त की गई है।

**-हसन, पंचायत सचिव**

### शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई

घुंचापुर पंचायत में निर्माणमूलक कार्यों के नाम पर आर्थिक गड़बड़ी करने की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। अगर इस बारे में लिखित शिकायत हमारे पास आती है तो निश्चित रूप से मामले की जांच कराई जाएगी।

**- संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत कोरबा**







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com